दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...





● नई दिल्ली ।। सोमवार 01 जुलाई -2024 ● वर्ष : 8 अंक : 262 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3




# प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय टीम की तारीफ की, रोहित-विराट को दी बधाई

**नई दिल्ली।** टी20 विश्व कप 2024 में टीम इंडिया की जीत के बाद दुनियाभर से खिलाड़ियों को बधाई संदेश मिल रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी भारतीय टीम की जीत पर बधाई दी थी। अब उन्होंने आज भारतीय क्रिकेट टीम से फोन पर बात की और पूरी टीम को फोन पर बधाई दी। उन्होंने रोहित शर्मा को उनकी शानदार कप्तानी के लिए बधाई दी और उनके टी20 करियर की सराहना की। उन्होंने फाइनल में विराट कोहली की पारी और भारतीय क्रिकेट में उनके योगदान की भी सराहना की। पीएम मोदी ने हार्दिक पांड्या को उनके अंतिम ओवर और सूर्यकुमार यादव को उनके कैच के लिए सराहा। उन्होंने जसप्रीत बुमराह के योगदान की भी तारीफ की। पीएम ने भारतीय क्रिकेट में उनके योगदान के लिए राहुल द्रविड़ को भी धन्यवाद दिया।

**प्रधानमंत्री ने कहा- आपने देशवासियों का दिल जीत लिया :** टी20 विश्वकप में दक्षिण अफ्रीका पर शानदार जीत दर्ज करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को भारत को बधाई दी।

पीएम मोदी ने कहा कि टीम इंडिया ने एक के बाद एक शानदार विजय हासिल कर पूरे टूनार्मेंट को रोमांचक बना दिया।





पीएम मोदी ने कहा, ह्यइंडिया को इस भव्य विजय के लिए सभी देशवासियों की तरफ से बहुत-बहुत बधाई। आज 140 करोड़ देशवासीआपके इस शानदार प्रदर्शन के लिए गर्व का अनुभव कर रहे हैं। खेल के मैदान में आपने वर्ल्डकप जीता लेकिन हिंदुस्तान के हर गली-मोहल्ले में आपने देशवासियों का कोटि-कोटि दिल जीत लिया। यह टूनार्मेंट एक विशेष कारण से भी याद रखा जाएगा। इतने सारे देश, इतनी सारी टीमें और एक भी मैच हारना नहीं, यह छोटी उपलब्धि नहीं है।

आपने क्रिकेट जगत के हर महारथी उनके हर बॉल को खेला और आप शानदार विजय प्राप्त करते रहे। एक के बाद एक विजय की इस परंपरा ने आपके हौसले को तो बुलंद कर दिया लेकिन साथ ही इस टूनार्मेंट को भी रोचक बना दिया। मेरी तरफ से मैं आपको बहुत-बहुत बधाई देता हूं और बहुत-बहुत शुभकामनाएं देता हूं।

### राष्ट्रपति ने भी दी बधाई



वहीं, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ट्वीट करते हुए लिखा, 'आपकी उपलब्धियों का हमेशा जश्न मनाया जाएगा और उन्हें याद रखा जाएगा। भविष्य के लिए आपको शुभकामनाएं, हम आपका ऐसे ही उत्साहवर्धन करते रहेंगे। टीम इंडिया को वर्ल्डकप जीतने पर हार्दिक बधाई। कभी ना हार मानने का जज्बा और कठिन परिस्थितियों का सामना करके आपने पूरे टूनार्मेंट मे शानदार प्रदर्शन किया। फाइनल मैच में यह असाधारण जीत थी। टीम इंडिया! हमको आप पर गर्व है!'

# सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का ये जन्मदिन है इस साल में कुछ खास

## पिता की विरासत को कायम रखा है और सत्ता को चुनौती देते हुए जगा दी है एक आस



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आज समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का जन्मदिन है। उनके जन्मदिन पर इस बार सैफई से लेकर गाजियाबाद तक समाजवादियों में एक उत्साह है और ये जन्मदिन अखिलेश यादव के लिए इस साल में कुछ खास है क्योंकि लोकसभा चुनाव का नतीजा आया है और अखिलेश यादव ने खुद को साबित किया है। जिन फैसलों को लेकर संशय जताया जा रहा था अखिलेश यादव ने साबित किया कि वो फैसले सही थे और उनकी चुनावी रणनीति का हिस्सा थे। बहरहाल आज उत्तर प्रदेश में विपक्ष के सबसे बड़े नेता बनकर उभरे अखिलेश यादव के जन्मदिन पर समाजवादियों में उत्साह है। उत्साह तो विपक्ष की राजनीति में भी आया है और अखिलेश यादव ने दिखाया है कि उन्होंने सियासत में अपने पिता और सपा संस्थापक स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव की विरासत को कायम रखा है। उसी जोश और जुनुन के साथ वो सड़कों पर उतरे और समाजवादी पार्टी ने 36 लोकसभा सीटें जीतकर अपनी ताकत का मुलाहिजा पेश किया है।

सबसे बड़ी बात ये है कि अखिलेश यादव ने अपनी उस छवि को भी तोड़ा है जिसमें उन पर परिवार से अलग जाने के आरोप लगे थे।अखिलेश यादव पूरे परिवार को साथ लेकर चले और ये वजह है कि लोकसभा में उनके परिवार के पांच लोग चुनाव जीतकर पहुंचे हैं। ये जन्मदिन एक तरह से समाजवादियों के लिए भी खास है। सभी उत्साह से लबरेज हैं।

समाजवाद के नए बड़े चेहरे के रूप में अखिलेश यादव सामने आये हैं। उन्होंने खुद को साबित किया है और वो 2027 के लिए विपक्ष के खेमे में एक बड़ी उम्मीद की किरण बनकर आ गये हैं।



### सभी को भाता है मीडिया से लेकर सदन तक अखिलेश यादव का सटीक अंदाज



करंट क्राइम। अखिलेश यादव राजनीति में और ज्यादा निखर कर आये हैं। 2022 के यूपी रण के बाद 2024 के लोकसभा चुनाव तक अगर अखिलेश यादव के सियासी अंदाज को देखें तो उन्होंने खुद को एक परिपक्व नेता के रूप में स्थापित किया है। जनप्रिय नेता के रूप में अपनी पहचान बनायी है और यदि उनके मीडिया इंटरव्यू से लेकर सदन तक देखें तो यहां उनका सटीक अंदाज और बात कहने की शैली सभी को पसंद आती है। वो अपनी बात को व्यंग शैली में रखते हैं और सामने वाले को लाजवाब कर देते हैं। चाहे वो विधानसभा में परिवारवाद को लेकर कही गई ये बात हो कि परिवार बढ़ाने के लिए भी कुछ करना पड़ता है और लोकसभा में उन्होंने पहुंचते ही स्पीकर पर मुस्कुराते हुए निशाना साधा और कहा कि यह सदन आपके इशारे पर चलेगा लेकिन ऐसा ना हो कि इसका उल्टा हो जाये। अखिलेश तो इतना कहकर चुप हो गये और वो जानते थे कि कौन किसके इशारे पर चलने की बात कर रहा है और अखिलेश यादव की यही शैली उन्हें सदन से लेकर मीडिया पर तक एक अलग लोकप्रियता देती है।

## 24 साल पहले शुरू हुआ था अखिलेश यादव का राजनीतिक सफर



**करंट क्राइम।** अखिलेश यादव 2000 में पहली बार कन्नौज से लोकसभा के सदस्य चुने गए और उसके बाद, उन्होंने अगले दो बार लगातार लोकसभा चुनाव जीता। वह खाद्य, नागरिक आपूर्ति और सार्वजनिक वितरण समिति के सदस्य भी थे। उन्होंने 2000 से 2001 तक नैतिकता समिति के सदस्य के रूप में कार्य किया। वह 2002 से 2004 तक पर्यावरण एवं वन समिति तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी समिति के सदस्य भी रहे।

दूसरे कार्यकाल के लिए, वह 2004 में 14वीं लोकसभा के सदस्य के रूप में पुनः निर्वाचित हुए। 2004 से 2009 तक, उन्होंने शहरी विकास समिति, अनुमान समिति, विभिन्न विभागों को कंप्यूटर के प्रावधान संबंधी समिति सहित विभिन्न समितियों की सदस्यता संभाली। इसके बाद वे 2009 में 15वीं लोकसभा के सदस्य बने और तीसरी बार पुनः निर्वाचित हुए। उन्होंने 2009 से 2012 तक पर्यावरण एवं वन समिति, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी समिति तथा 2जी स्पेक्ट्रम घोटाले पर गठित संयुक्त संसदीय समिति के सदस्य के रूप में भी कार्य किया। 10 मार्च 2012 को उन्हें उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी का नेता नियुक्त किया गया। 15 मार्च 2012 को 38 वर्ष की आयु में अखिलेश यादव उत्तर प्रदेश के सबसे युवा मुख्यमंत्री बने। उन्होंने 2 मई 2012 को उत्तर प्रदेश राज्य में विधान परिषद के सदस्य बनने के लिए 15वीं लोकसभा के सदस्य के रूप में इस्तीफा दे दिया। 2017 के विधानसभा चुनाव में यादव के नेतृत्व वाला सपा-कांग्रेस गठबंधन सरकार बनाने में सक्षम नहीं था और इसलिए उन्होंने 11 मार्च को राज्यपाल राम नाईक को अपना इस्तीफा सौंप दिया था। मई 2019 में वे आजमगढ़ लोकसभा से सांसद चुने गए हैं।

## 38 साल की उम्र में अखिलेश यादव बन गये थे यूपी के मुख्यमंत्री



**करंट क्राइम।** 15 मार्च 2012 को उन्होंने 38 वर्ष की आयु में उत्तर प्रदेश के 20वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। उनके कार्यकाल में सबसे आधुनिक और सबसे लंबा एक्सप्रेसवे, आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे, सबसे कम समय में बनकर तैयार हुआ और इसका लोकार्पण भी हुआ। उन्होंने यूपी 100 पुलिस सेवा, वुमेन पावर लाइन 1090 और 108 एम्बुलेंस सेवा का भी शुभारंभ किया। उनकी सरकार द्वारा की गई बुनियादी ढांचागत उपलब्धियों वाली परियोजनाओं में लखनऊ मेट्रो रेल, लखनऊ अंतर्राष्ट्रीय इकाना क्रिकेट स्टेडियम, जनेश्वर मिश्र पार्क (एशिया का सबसे बड़ा पार्क), जयप्रकाश नारायण अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर, आईटी सिटी, लखनऊ-बलिया पूर्वांचल एक्सप्रेसवे शामिल हैं। मुख्यमंत्री के रूप में उनके कार्यकाल में बिजली क्षेत्र के विकास, पुलिस बल के आधुनिकीकरण, किसान बाजारों और मंडियों की स्थापना पर भी जोर दिया गया। इसके अलावा, लोहिया आवास योजना, कन्या विद्या धन, किसान एवं सर्वहित बीमा योजना, पेंशन योजना और बेरोजगारी भत्ते आवंटित करने जैसी सामाजिक कल्याण योजनाएँ भी शुरू की गईं। इसके अलावा, 2012-2015 के बीच उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 10वीं और 12वीं पास छात्रों को 15 लाख से अधिक लैपटॉप वितरित किए गए।

## अखिलेश यादव का परिवार और उनकी शिक्षा

**करंट क्राइम।** अखिलेश यादव उनका जन्म 1 जुलाई 1973 को उत्तर प्रदेश के इटावा जिले के सफाई में हुआ था। वे मुलायम सिंह यादव के पुत्र हैं, जो उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री हैं। और वर्तमान में वह समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। उनकी माँ मालती देवी थीं। अखिलेश यादव की शादी डिंपल यादव से हुई है, जो एक पूर्व सांसद हैं। दंपत्ति की दो बेटियाँ हैं, अदिति और टीना, और एक बेटा है, अर्जुन। पेशे से अखिलेश यादव एक इंजीनियर, कृषक और सामाजिक-राजनीतिक कार्यकर्ता हैं। उन्हें खेलों में गहरी दिलचस्पी है, खासकर फुटबॉल और क्रिकेट में। उन्हें पढ़ना, संगीत सुनना और फिल्में देखना पसंद है।



## पेशे से एनवायरमेंट इंजीनियर अखिलेश यादव ने बदला है सियासत का एनवायरमेंट

**करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश के 20वें मुख्यमंत्री और पेशे से इंजीनियर अखिलेश यादव ने अपनी स्कूली शिक्षा इटावा के सेंट मैरी स्कूल से पूरी की। उसके बाद, उन्होंने राजस्थान के धौलपुर में धौलपुर मिलिट्री स्कूल में दाखिला ले लिया। उन्होंने मैसूर के श्री जयचामाराजेंद्र कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग से सिविल एनवायरनमेंटल इंजीनियरिंग में ग्रेजुएशन की डिग्री प्राप्त की और फिर सिडनी विश्वविद्यालय में एनवायरमेंट इंजीनियरिंग में मास्टर डिग्री की पढ़ाई के लिए ऑस्ट्रेलिया चले गए। पेशे से एनवायरमेंट इंजीनियर अखिलेश यादव ने राजनीति में कदम रखा और पिता के निधन के बाद उन्होंने विपक्ष की राजनीति करते हुए खुद को एक मजबूत नेता के रूप में स्थापित किया है और लोकसभा चुनावों के नतीजे ने ये बताया है कि यूपी की राजनीति के एनवायरमेंट को अखिलेश यादव ने अपनी रणनीति की इंजीनियरिंग से बदला है।

## आज समाजवादी मनायेंगे सपा कार्यालय पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का जन्मदिन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जन्मदिन आज धूमधाम से मनाया जायेगा। गाजियाबाद में समाजवादी पार्टी के आरडीसी स्थित कार्यालय पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिन पर केक काटा जायेगा। पार्टी के जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन महानगर अध्यक्ष वीरेन्द्र यादव ने जानकारी देते हुए कहा कि आज आरडीसी स्थित समाजवादी कार्यालय पर दोपहर 12 बजे जन्मदिन समारोह मनाया जायेगा। इस अवसर पर पार्टी कार्यालय पर केक काटा जायेगा और फिर भंडारा वितरण किया जायेगा। महानगर अध्यक्ष वीरेन्द्र यादव एडवोकेट और जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन एडवोकेट ने सभी से जन्मदिन कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।





## आज सपा युवजन सभा करेगी रक्तदान, फल वितरण और पौधारोपण

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** समाजवादी पार्टी के युवा आज अपने पार्टी सुप्रीमो अखिलेश यादव के जन्मदिन पर एक अलग संदेश देंगे। सपा युवजन सभा के तत्वाधान में उसके कार्यकर्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिन पर रक्तदान करेंगे और फल वितरण करेंगे। समाजवादी युवजन सभा के जिलाध्यक्ष जीतू शर्मा ने बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्मदिन के अवसर पर समाजवादी युवजन सभा गाजियाबाद द्वारा गाजियाबाद ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया है। रक्तदान जीवन दान के बराबर होता है और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के जन्मदिन पर मानव सेवा और जीवन दान का संदेश देते हुए रक्तदान किया जायेगा। इसके बाद सपा युवजन सभा के पदाधिकारी पर्यावरण का संदेश देते हुए पौधारोपण करेंगे और फिर जिला सरकारी अस्पताल में सेवा ही समर्पण है के साथ मरीजों को फल वितरित कर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का जन्मदिन मनाया जायेगा।



## मन की बात में पीएम मोदी बोले

# भारत के उत्पादों की विदेशों में बहुत मांग; बताई अराकू कॉफी, स्नो पी की खासियत

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने चार महीने के लंबे अंतराल के बाद रविवार को 'मन की बात' के 111वें एपिसोड के जरिए देशवासियों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने भारत के उत्पादों की विदेशों में मांग का जिक्र किया। पीएम मोदी ने देशवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि देश के कई उत्पादों की दुनिया भर में बहुत मांग है। जब हम भारत के किसी लोकल प्रोडक्ट को ग्लोबल होते देखते हैं, तो गर्व से भर जाना स्वाभाविक है। ऐसा ही एक प्रोडक्ट है अराकू कॉफी। आंध्र प्रदेश के अल्लुरी सीता राम राजू जिले में अराकू कॉफी बड़ी मात्रा में पैदा होती है। ये अपने रिच फ्लेवर और खुशबू के लिए जानी जाती है। अराकू कॉफी की खेती से करीब डेढ़ लाख आदिवासी परिवार जुड़े हुए हैं। अराकू कॉफी को नई ऊंचाई देने में गिरिजां कॉपरेटिव की



बहुत बड़ी भूमिका रही है। इसने यहां के किसान भाई-बहनों को एक साथ लाने का काम किया और उन्हें अराकू कॉफी की खेती के लिए प्रोत्साहन दिया। इससे इन किसानों की कमाई भी बहुत बढ़ गई है। इसका बहुत लाभ कोंडा डोरा आदिवासी समुदाय को भी मिला है। कमाई के साथ साथ उन्हें सम्मान का जीवन भी मिल रहा है। पीएम ने कहा कि उन्हें याद है एक बार विशाखापट्टनम में आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू के साथ उन्हें इस कॉफी का स्वाद लेने का मौका मिला था। कमाल की कॉफी होती है यह! अराकू कॉफी को कई ग्लोबल अवार्ड मिले हैं। दिल्ली में हुई जी-20 समिट में भी कॉफी छाई हुई थी। उन्होंने लोगों से अराकू कॉफी का आनंद लेने की अपील की। पीएम मोदी ने आगे कहा कि लोकल प्रोडक्ट्स को ग्लोबल बनाने में जम्मू-कश्मीर के लोग भी पीछे नहीं हैं। पिछले महीने जम्मू-कश्मीर ने जो कर दिखाया है, वह देशभर के लोगों के लिए भी एक मिसाल है। पुलवामा से स्नो पी की पहली खेप लंदन भेजी गई। कुछ लोगों को ये विचार सूझा कि कश्मीर में उगने वाली खास सब्जियों को क्यूं ना दुनिया के नक्शे पर लाया जाए। बस फिर क्या था, चकूरा गांव के अब्दुल राशिद मीर इसके लिए सबसे पहले आगे आए। उन्होंने गांव के अन्य किसानों की जमीन को एक साथ मिलाकर स्नो पी उगाने का काम शुरू किया। देखते ही देखते स्नो पी कश्मीर से लंदन तक पहुंचने लगी। इस सफलता ने जम्मू-कश्मीर के लोगों की समृद्धि के लिए नए द्वार खोले हैं। हमारे देश में ऐसे यूनिक प्रोडक्ट्स की कमी नहीं है। आप ऐसे प्रोडक्ट्स को 'माईप्रोडक्टमाईप्राइड' के साथ जरूर शेयर करें। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह इस विषय पर आने वाले 'मन की बात' में भी चर्चा करेंगे।

# यूपी में पुरानी पेंशन: कर्मचारियों के पास 31 अक्तूबर तक पेंशन विकल्प चुनने का मौका



**लखनऊ** प्रदेश सरकार ने राज्य कर्मचारियों को पुरानी पेंशन चुनने का विकल्प 31 अक्तूबर 2024 तक दिया है। मंगलवार को कैबिनेट ने 28 मार्च 2005 से पहले प्रकाशित विज्ञापन के आधार पर सरकारी नौकरी पाने वालों को पुरानी पेंशन स्कीम का विकल्प चुनने के अवसर के प्रस्ताव को मंजूर कर लिया था। इससे करीब 50 हजार कर्मचारी लाभान्वित होंगे। यूपी सरकार ने 28 मार्च 2005 को यह प्रावधान किया था कि एक अप्रैल 2005 या उसके बाद कार्यभार ग्रहण करने वाले कर्मचारी राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के दायरे में होंगे। यह प्रावधान राज्य सरकार के कार्मिक, शासन के नियंत्रण वाली स्वायत्तशासी संस्थाओं और शासन से सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं के कर्मियों व शिक्षकों पर लागू किया गया। तमाम ऐसे शिक्षक और कार्मिक हैं, जिनकी नियुक्ति एक अप्रैल 2005 को या उसके बाद हुई लेकिन उस नौकरी का विज्ञापन 28 मार्च 2005 से पहले निकला था। ये कर्मी लंबे समय से पुरानी पेंशन स्कीम (ओपीएस) का लाभ देने की मांग कर रहे थे। केंद्र सरकार इस तरह के कर्मियों को पहले ही यह सुविधा दे चुकी है। कैबिनेट से अनुमोदित प्रस्ताव के अनुसार ऐसे कार्मिक जिनकी नियुक्ति एक अप्रैल 2005 को या उसके बाद हुई है लेकिन नियुक्ति के लिए पद का विज्ञापन एनपीएस लागू किए जाने संबंधी अधिसूचना जारी होने की तिथि 28 मार्च 2005 से पूर्व प्रकाशित हो चुका था, उन्हें पुरानी पेंशन योजना का एक बार विकल्प उपलब्ध कराए जाने का निर्णय लिया गया है।

### ओपीएस चुनने वालों के एनपीएस खाते 25 जून 2025 को होंगे बंद

शासनादेश के मुताबिक यदि कर्मचारी उत्तर प्रदेश रिटायरमेंट बेनीफिट्स रूल्स 1961 के अधीन कवर किए जाने की शर्तों को पूरा करता है तो प्रशासकीय विभाग के अनुमोदन के बाद इस संबंध में एक आदेश नियुक्ति अधिकारी जारी करेंगे। आदेश जारी होने के अगले महीने के वेतन से अभिदाता अंशदान और नियोक्ता अंशदान की कटौती बंद हो जाएगी। जो कर्मचारी ओपीएस का विकल्प चुनेंगे, उनके राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) खाते 30 जून 2025 से बंद कर दिए जाएंगे। इन खातों में जमा कर्मचारियों का अंशदान उनके सामान्य भविष्य निधि खाते में जमा किया जाएगा। इन खातों में जमा सरकारी अंशदान राजकोष में जमा किया जाएगा। 31 अक्तूबर तक विकल्प का प्रयोग न करने वाले कर्मचारी एनपीएस के दायरे में आ जाएंगे।

### राहुल और गडकरी से पुरानी पेंशन बहाली के लिए मिले अटेवा के प्रदेश अध्यक्ष

अटेवा के प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार बंधु ने संसद सत्र में पुरानी पेंशन बहाली के मुद्दे को उठाए जाने के लिए शुक्रवार को संसद भवन परिसर में सत्ता पक्ष व विपक्ष के नेताओं से मुलाकात की। विजय बंधु ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, चिराग पासवान, राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा, सांसद जगदंबिका पाल, कांग्रेस सांसद व लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, सांसद प्रमोद तिवारी, उज्ज्वल रमण सिंह, राकेश राठौर, आप सांसद संजय सिंह आदि से मुलाकात की। इसके माध्यम से उन्होंने पुरानी पेंशन बहाल करने व निजीकरण समाप्त करने का मुद्दा संसद में उठाने की मांग की।

## न्यूज डायरी

### उत्तर प्रदेश के नए मुख्य सचिव बने आईएएस मनोज कुमार सिंह, परफॉर्मर के रूप में है पहचान



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के नए मुख्य सचिव के रूप में मनोज कुमार सिंह ने रविवार को पदभार संभाल लिया। दरअसल, सीएम योगी आदित्यनाथ ने ऐसे अधिकारियों को चिन्हित किया, जिसमें अनुभव, दक्षता के अलावा सत्यनिष्ठा के साथ-साथ कार्य करने के प्रति जीवटता और जुझारूपन हो। इसी कड़ी में आईएएस मनोज कुमार सिंह 'टीम योगी' के अहम सदस्य हैं, जिन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव पद का कार्यभार ग्रहण किया। मनोज कुमार सिंह 1988 बैच के आईएएस अधिकारी हैं, उनकी पहचान 'परफॉर्मर' की रही है। सीनियर मोस्ट अधिकारी के रूप में लंबा अनुभव, दक्षता, कर्तव्यनिष्ठा, डिलीवरी देने की क्षमता, कॉम्पिटेंसी के साथ मनोज कुमार सिंह ब्यूरोक्रेसी में एक प्रतिष्ठित नाम हैं। यही कारण है कि मुख्यमंत्री योगी ने अब तक के कार्यकाल में मनोज कुमार सिंह पर लगातार भरोसा जताया है। इनके बारे में कहा जाता है कि डिलीवरी ऑन टाइम के सीएम योगी के मंत्र को मनोज कुमार सिंह ने आत्मसात कर लिया है। वर्तमान में प्रदेश के कृषि उत्पादन आयुक्त और अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त जैसे नीतिगत विषयों से जुड़े दो अति महत्वपूर्ण पदों का दायित्व संभाल रहे मनोज कुमार सिंह अपर मुख्य सचिव पंचायती राज, खाद्य प्रसंस्करण, यूपीडा और उपशा के चेयरमैन तथा पिकप अध्यक्ष जैसे प्रदेश के विकास को गति देने वाले अति वरिष्ठ पदों की जिम्मेदारी भी निभा रहे हैं। कोरोना काल में पहले टीम 11 और फिर टीम 9 में शामिल मनोज कुमार सिंह ने गांवों में कोविड प्रसार को नियंत्रित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। 'बैंकिंग एट योर डोर' की परिकल्पना को साकार करने वाली मुख्यमंत्री योगी की 'बीसी सखी' योजना आज पूरे देश में मॉडल के रूप में स्वीकारी जा रही है। इसकी रूपरेखा तैयार करने से लेकर क्रियान्वयन तक में उनका बड़ा योगदान है। यह योजना महिला स्वावलंबन और वित्तीय समावेशन का अद्भुत उदाहरण बनकर राष्ट्रीय पटल पर प्रशंसा पा रही है। 2019 के दिव्य-भव्य कुंभ को ग्लोबल इवेंट बनाने में भी उन्होंने बड़ी भूमिका निभाई है। कुंभ-2019 में बतौर नोडल अधिकारी हर एक तैयारी उन्हीं के नेतृत्व में की गई। अपर मुख्य सचिव पंचायती राज के रूप में भी उन्होंने सीएम योगी के मिशन को धरातल पर उतारा। आज प्रदेश के सभी 75 जनपद खुले में शौच से मुक्त हैं और सबसे ज्यादा शौचालय उत्तर प्रदेश में बनाए गए हैं, जिसमें उन्होंने अहम भूमिका निभाई है। 40 लाख करोड़ से अधिक का निवेश प्रदेश में लाने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस) के हर चरण में उन्होंने अहम भूमिका निभाई। जीआईएस से पहले सीएम योगी का संदेश लेकर विभिन्न देशों में गई 'टीम यूपी' में मनोज कुमार सिंह प्रमुखता से शामिल थे। फरवरी 2024 में जब 10 लाख करोड़ रुपयों की परियोजनाओं को जमीन पर उतारने के लिए ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-4 (जीबीसी-4) आयोजित हुआ, तब वह अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त के रूप में पूरे आयोजन के सूत्रधार रहे। महिला स्वयं सहायता समूहों के विस्तार के साथ-साथ ह्यटेक होम राशनह्न जैसी बाल विकास की योजना के शुचितापूर्ण क्रियान्वयन में भी मनोज कुमार सिंह ने बड़ी भूमिका निभाई है।

### तिरुपति में पुलिस ने वाईएसआरसीपी सांसद मिधुन रेड्डी को किया नजरबंद



**तिरुपति।** आंध्र प्रदेश के राजमपेट से वाईएसआर कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) के सांसद पी. मिधुन रेड्डी को पुलिस ने रविवार को तिरुपति में नजरबंद कर दिया। वह पार्टी कार्यकर्ताओं से मिलने के लिए चित्तूर जिले के पुंगनूर जाने की योजना बना रहे थे। पुलिस ने शांति भंग होने की आशंका के चलते मिधुन रेड्डी को शहर में आने की अनुमति नहीं दी। कुछ पुलिस अधिकारियों ने सांसद से उनके घर पर मुलाकात की और उन्हें बताया कि यात्रा के लिए कोई अनुमति नहीं है। वाईएसआरसीपी कार्यकताओं के जमावड़े को रोकने के लिए उनके घर के बाहर बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे। पुलिस ने चेतावनी दी कि जो कोई भी कानून-व्यवस्था को बिगाड़ने की कोशिश करेगा, उसके खिलाफ सख्ती से निपटा जाएगा। तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के कार्यकताओं ने हाल ही में पूर्व मंत्री पी. रामचंद्र रेड्डी को उनके विधानसभा क्षेत्र के मुख्यालय पुंगनूर जाने से रोक दिया था। गत 4 जून को चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद से ही विधानसभा क्षेत्र में राजनीतिक तनाव देखने को मिल रहा है।

मिधुन रेड्डी के पिता रामचंद्र रेड्डी लगातार चौथी बार पुंगनूर से निर्वाचित हुए हैं। मिधुन रेड्डी ने कहा कि उन्हें घर में नजरबंद किया गया है। वह पार्टी के उन कार्यकताओं से मिलने पुंगनूर जा रहे थे, जिन पर हमले किए गए थे। उन्होंने कहा कि पुंगनूर में वाईएसआरसीपी कार्यकताओं के घरों को ध्वस्त किया गया है। पिछले सप्ताह, रामचंद्र रेड्डी ने आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया और राज्य सरकार को निर्देश देने की मांग की कि जब वह मंत्री थे, तब उन्हें दी गई 5 प्लस 5 सुरक्षा जारी रखी जाए। मिधुन रेड्डी ने भी एक याचिका दायर कर उनकी 4 प्लस 4 सुरक्षा जारी रखने की मांग की। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को दोनों याचिकाओं में अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया।

# महाराष्ट्र में चोरों और बदमाशों की सरकार ने दो साल पूरे किए : संजय राउत

**मुंबई।** महाराष्ट्र की एकनाथ शिंदे सरकार के दो साल पूरे होने पर संजय राऊत ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि चोरों और बदमाशों की सरकार ने महाराष्ट्र में दो साल पूरे कर लिए हैं। शिवसेना (उद्धव गुट) के नेता संजय राऊत ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि मैंने आज विज्ञापन देखा, जिसके माध्यम से मुझे पता चला कि चोरों और बदमाशों की सरकार ने महाराष्ट्र में दो साल पूरे कर लिए हैं। ये दो साल धोखाधड़ी के हैं। एक बेईमान, संविधान विरोधी सरकार बनी, नरेंद्र मोदी और अमित शाह ने उस असंवैधानिक सरकार को ताकत दी। उन्होंने कहा कि तटस्थ रहने वाले विधानसभा अध्यक्ष ने पक्षपातपूर्ण निर्णय देकर इस सरकार को बचाया और राज्यपाल ने असंवैधानिक बहुमत



परीक्षण का आदेश दिया। इन सभी ने इस सरकार को बनाने में अवैध और असंवैधानिक काम किए। इस अवैध सरकार का जन्म हुआ और इसे कानूनी रूप से बरकरार रखा गया। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र की सत्ता में बैठी धोखेबाज सरकार के पास जीने के लिए दो या तीन महीने हैं। लोकसभा चुनाव में जनता ने इस सरकार को नकारा और विधानसभा चुनाव में इस सरकार को हार का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि शिंदे सरकार ने दो साल में क्या किया? धोखे से राज्य में आने वाली सरकार ने प्रदेश को कर्ज का बाजार बना दिया। उन्होंने महाराष्ट्र के उद्योग को गुजरात में जाने दिया, ये राज्य का दुर्भाग्य है कि ये दो साल से सिर्फ ढोल पीट रहे हैं। एकनाथ शिंदे पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि दुनिया उनके कहे अनुसार नहीं चलती, क्या चोर और लुटेरे कभी बढ़ते हैं? अगर आप में हिम्मत है तो आपको अपनी पार्टी बनानी चाहिए थी और अपने सिंबल पर चुनाव लड़ना चाहिए था। लोकसभा चुनाव में शिंदे के लोग जहां भी खड़े हुए, वहां लाखों रुपये देकर वोट खरीदे गए। यह विद्रोह पैसे और बेईमानी का था। इस विधानसभा चुनाव से पहले लोगों के पैसे से वोट खरीदने का सीधा प्रयास रिश्वतखोरी है।

# तेलंगाना सरकार 10 छात्रों वाले हर स्कूल के लिए एक शिक्षक की करेगी नियुक्ति

**हैदराबाद।** तेलंगाना सरकार एक से 10 छात्रों की संख्या वाले हर सरकारी स्कूल में एक शिक्षक की नियुक्ति करेगी। राज्य सरकार ने सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले छात्रों की संख्या को ध्यान में रखते हुए शिक्षकों के तबादले के लिए कवायद शुरू कर दी है। शिक्षकों के तबादले की प्रक्रिया का उद्देश्य सभी सरकारी स्कूलों में मानक के अनुसार शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करना है। पिछली सरकार ने 2015 और 2021 में दो आदेश जारी किए थे। इसके अनुसार, 0-19 छात्रों वाले स्कूल के लिए एक शिक्षक, 20 से 60 छात्रों वाले स्कूल के लिए दो शिक्षक और 61 से 90 छात्रों वाले स्कूल के लिए तीन शिक्षक नियुक्त किए गए थे। मुख्यमंत्री कार्यालय के अनुसार, वर्तमान राज्य सरकार ने प्रत्येक स्कूल में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के



लिए छात्रों की संख्या को ध्यान में रखते हुए शिक्षकों के पद आवंटित किए हैं। 1-10 छात्रों की संख्या वाले स्कूल के लिए एक शिक्षक, 11 से 40 विद्यार्थियों वाले स्कूल में दो शिक्षक तथा 41 से 60 विद्यार्थियों वाले स्कूल में तीन शिक्षक आवंटित किए गए हैं। जिन स्कूलों में विद्यार्थियों की संख्या 61 से अधिक है, वहां सभी स्वीकृत शिक्षक पदों को भरने के लिए वेब विकल्प उपलब्ध कराए गए हैं। जिन स्कूलों में विद्यार्थियों की संख्या शून्य है, वहां एक भी शिक्षक पद आवंटित नहीं किया गया है। जिन स्कूलों में विद्यार्थियों की संख्या बढ़ेगी, वहां शिक्षकों के पदों की संख्या बढ़ाई भी जाएगी मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने कहा है कि पिछली सरकार के विपरीत उनकी सरकार एकल शिक्षक वाले स्कूलों को बंद नहीं करेगी। हर गांव तथा बस्ती में शिक्षा सुविधाएं उपलब्ध कराने की अपनी सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए सीएम ने कहा कि उन्होंने दो हजार करोड़ रुपये की लागत से जीर्ण-शीर्ण अवस्था में पड़े सभी सरकारी स्कूल भवनों के पुनर्निर्माण का काम शुरू कर दिया है। सरकार ने सरकारी स्कूलों में छात्रों का नामांकन बढ़ाने की कवायद भी शुरू की है।

# कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने पीएम मोदी के मन की बात पर साधा निशाना, कहा- ये ढंग की बात नहीं

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार सत्ता की कमान संभालने के बाद रविवार को 111वीं बार मन की बात कार्यक्रम में देश को संबोधित किया। इस पर अब राजनीति शुरू हो चुकी है। पीएम मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम को लेकर कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने सवाल उठाए हैं। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज मन की बात की। हमने सोचा कि यह तीसरा कार्यकाल है, अब वह परजीवी प्रधानमंत्री हैं, अपने हिसाब से तो वो कुछ कर नहीं सकते हैं। वो सब कुछ बैसाखियों के सहारे ही करेंगे, तो हमें लगा कि शायद इस बार वो कुछ ढंग की बात करेंगे, लेकिन आज भी प्रधानमंत्री ने अपने मन की बात कार्यक्रम में ढंग की बात नहीं की। न ही उन्होंने नीट परीक्षा में हुई धांधली पर कुछ कहा, न ही घोटाले पर कुछ कहा, न ही रेलवे हादसे पर कुछ कहा। वर्तमान में जिस तरह से पूरी व्यवस्था तहस-नहस हो रही है, उस पर भी प्रधानमंत्री ने कुछ नहीं कहा। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि देश के तमाम महत्वपूर्ण मुद्दों पर प्रधानमंत्री ने चुप्पी साधे रखी। दिल्ली हवाईअड्डे पर इतनी गंभीर दुर्घटना घटी, इसमें एक व्यक्ति की जान चली गई, लेकिन प्रधानमंत्री ने कुछ नहीं कहा। कांग्रेस नेता ने कहा, यह कहने में कोई गुरेज नहीं है कि प्रधानमंत्री ने जनहित से जुड़े मुद्दों पर कुछ नहीं कहा। आज की तारीख में युवा जो प्रधानमंत्री से सुनना चाह रहा है, उस पर भी प्रधानमंत्री ने एक शब्द नहीं कहा। आज की तारीख में आम लोग जो प्रधानमंत्री से सुनना जा रहे हैं, उस पर भी उन्होंने कुछ नहीं कहा। पीएम मोदी ने एक तरह से अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम के माध्यम से लोगों का ध्यान भटकाने की कोशिश की। प्रधानमंत्री नहीं चाहते हैं कि जनहित से जुड़े मुद्दों पर व्यापक चर्चा हो। नीट, पेपर लीक सहित अन्य मुद्दों को लेकर वर्तमान में खूब चर्चा हो रही है, मगर प्रधानमंत्री ने जिस तरह से इन मुद्दों पर एक शब्द भी बोलने की जहमत नहीं उठाई, उससे यह साफ जाहिर है कि ये लोग इन मुद्दों पर बोलने से बच रहे हैं। कांग्रेस नेता ने पीएम मोदी को आड़े हाथों लेते हुए कहा, जब आप चुनाव प्रचार कर रहे थे, उस वक्त आप उत्तर को दक्षिण से लड़वा रहे थे। लोगों के बीच नफरत फैलाने का प्रयास कर रहे थे, जो किसी भी मायने में उचित नहीं है। लोकसभा चुनाव के दौरान आप लोग दक्षिण को उत्तर और उत्तर को दक्षिण से लड़वा रहे थे, लेकिन आज आप केरल के छतरी की तारीफ कर रहे हैं, इससे यह साफ जाहिर है कि आपको लोगों के हितों से कोई लेना-देना नहीं है, बल्कि आप सिर्फ अपनी राजनीतिक रोटियां सेंक रहे हैं। उन्होंने कहा, आपको क्या लगता है, लोग आपको भूल जाएंगे। इस देश की जनता को पता है कि जब आप प्रचार कर रहे होते हैं, तो उस वक्त यह देश आपका असली चेहरा देख रहा होता है। वहीं, अब जो आप कर रहे हैं, वो आडंबर है, उसका लोगों के हितों से कोई लेनाझ्रदेना नहीं है। आपके मन की बात में ढंग की बात नहीं है। इसका जनता के हितों से कोई लेना-देना नहीं है। बता दें कि तीसरी बार देश की कमान अपने हाथों में संभालने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में देश को संबोधित किया। इसमें उन्होंने विभिन्न मुद्दों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि मैंने आपको आज से तीन महीने पहले कहा था कि मैं आपसे फिर मिलूंगा। आज तीन महीने पूरे होने के बाद मैं आपको फिर संबोधित कर रहा हूं। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पर्यावरण दिवस पर देश के सभी लोगों से अपनी मां के नाम पर पेड़ लगाने के लिए भी कहा।



# इंदिरापुरम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी पीएम मोदी के मन की बात

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यकताओं व आम लोगों ने मुख्य रुप से योगेश त्रिपाठी ने

बूथ संख्या 671, 644 से 651 और 652 पीएम मोदी के मन की बात सुनी। मंडलों में बूथ स्तर पर पार्टी कार्यकताओं पदाधिकारियों ने मन की बात कार्यक्रम में अपनी सहभागिता दर्ज कराई। इस अवसर पर महानगर उपाध्यक्ष चमन चौहान जी, मंडल प्रभारी, मंडल अध्यक्ष हरमीत बक्शी, पार्षद हरीश कड़ाकोटि, उपस्थित रहे ' तीनों कार्यक्रम के आयोजक प्रवेश गुप्ता, अनिल मेन्दीरतता, मंजुला गुप्ता,



अजय गुप्ता, सागर रावत, उमा शंकर तोमर, दिनेश सिंह, अपर्णा मिश्रा, सतीश शर्मा, संजीव शर्मा, सी.एस.यादव, सुनील दत्त शर्मा, अनिल कुमार होलकर, सुनील चौहान, दीपक मेहरा, दिग्विजय सिंह, महेंद्र सिंह, शोभाराम शर्मा, यगवीर चौहान, राजीव, सुनील शर्मा, नीरज यादव आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गुजरात में सीबीआई ने जय जलाराम स्कूल के चेयरमैन को हिरासत में लिया

**अहमदाबाद।** नीट (यूजी) पेपर लीक मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने पंचमहल जिले के जय जलाराम स्कूल के चेयरमैन दीक्षित पटेल को शनिवार देर रात हिरासत में ले लिया। दीक्षित पटेल को हिरासत में लेने के बाद गोधरा सिविल अस्पताल में उनका मेडिकल कराया गया। नीट पेपर लीक मामले में गिरफ्तार आरोपियों के संपर्क में होने के संदेह के आधार पर सीबीआई ने दीक्षित पटेल के खिलाफ यह कार्रवाई की है। इससे पहले 27 जून को नीट में धोखाधड़ी के मामले में सीबीआई ने दीक्षित पटेल से पूछताछ की थी। इसके अलावा सीबीआई ने कुछ छात्रों के परिजनों के भी बयान दर्ज किए। नीट पास कराने के लिए 10 लाख रुपये की ठगी के मामले में जय जलाराम स्कूल के प्रिंसिपल और एक शिक्षक को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।उ ल्लेखनीय है कि नीट में गड़बड़ी करने के आरोप में गुजरात पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनकी गिरफ्तारी के बाद ढाई करोड़ रुपए के मनी ट्रेल की बात सामने आई थी। पुलिस के मुताबिक, छात्रों से पैसे लेकर नीट परीक्षा पास कराने का गोरखधंधा चल रहा था। पिछले महीने पंचमहल जिले के कलेक्टर को मिली सूचना के आधार पर गोधरा के जय जलाराम स्कूल के नीट परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया गया। इस दौरान इस बात का खुलासा हुआ कि बच्चों से पैसे लेकर परीक्षा पास कराने का खेल हुआ है। पुलिस की जांच के अनुसार, इस सेंटर पर परीक्षा देने वाले कई उम्मीदवार नकल माफिया के संपर्क में थे। ऐसे छात्रों से 10-10 लाख रुपए लिए जाने की बात भी सामने आई।




# पास्ट वार्डन संख्या- 9 की मासिक बैठक हुई

गाजियाबाद, करंट क्राइम। पोस्ट संख्या 9 की मासिक बैठक सेक्टर वॉर्डन बृजपाल सिंह एवं फायर फाइटर दीपक मिश्र ए 174, सेक्टर 11, प्रताप विहार में आयोजित की गई। स्टाफ ऑफिसर मुकेश शर्मा ने बैठक की अध्यक्षता की गई। बैठक में घटना नियंत्रण अधिकारी रवि अग्रवाल द्वारा नई पोस्टों के गठन के लिए सभी वार्डनों को जानकारी दी गई और सभी को शीघ्र अति शीघ्र वॉर्डन की भर्ती करने के लिए कहा गया। बैठक में डिप्टी पोस्ट वार्डन मनोज कुमार, सेक्टर वार्डन सौरभ सक्सेना, सामोद शर्मा, विक्रम सिंह, नितेश कुमार, जितेंद्र सिंह, धरमशिला, पुष्पा रावत, एवं अन्य नवनियुक्त वॉर्डन ने भी बैठक में भाग लिया।

# दिल्ली में 228 मिमी बारिश, कई जगह जलजमाव, ग्राउंड जीरो पर पहुंची पीडब्ल्यूडी मंत्री

**नई दिल्ली।** दिल्ली में कनॉट प्लेस के निकट मिंटो ब्रिज इलाके में जलजमाव से हजारों वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बारिश के बाद मुख्य सड़क मार्ग बाधित हुआ। जाम की स्थिति भी बनी रही। यही कारण रहा कि रविवार को दिल्ली की पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने उच्चाधिकारियों के साथ मिंटो ब्रिज अंडरपास स्थित पंप हाउस का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पंप हाउस की क्षमता बढ़ाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। दिल्ली सरकार का कहना है कि मानसून के दौरान सामान्य दिनों में दिल्ली



में 20-25 मिमी बारिश होती है। दो-तीन साल पहले तक मिंटो ब्रिज अंडरपास पर कम बारिश में ही जलजमाव हो जाता था। पीडब्ल्यूडी का कहना है कि उन्होंने यहां एक अतिरिक्त ड्रेनेज लाइन बनाई। इमरजेंसी अलार्म सिस्टम सहित ऑटोमैटिक पंप तैनात किए। इस कारण यहां 100 मिमी से ज्यादा बारिश होने के बाद भी जलजमाव नहीं हुआ। लेकिन, इस साल 24 घंटे में ही 228 मिमी बारिश हुई, जो दिल्ली में मानसून के दौरान होने वाली कुल बारिश का 25 प्रतिशत है। ऐसे में इस अप्रत्याशित बारिश के कारण अंडरपास में जलजमाव की समस्या सामने आई। भारी बारिश के कारण मिंटो ब्रिज अंडरपास पर तैनात पंपों को पानी निकालने में समय लगा। इस कारण जलजमाव की समस्या रही। यहां दोबारा ऐसी स्थिति उत्पन्न न हो, इसे लेकर रविवार को पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने विभाग के उच्चाधिकारियों के साथ पंप हाउस का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मौजूदा पंप हाउस की क्षमता और बढ़ाई जाए, जलभराव रोकने के लिए नई तकनीकों का इस्तेमाल किया जाए। वो हरसंभव कदम उठाए जाएं ताकि आगे जलजमाव न हो। दिल्ली में बीते दो-तीन दिनों में हुई बारिश के चलते कई जगहों पर जलभराव हो गया था। जिस कारण लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा है। जलजमाव के कारण दिल्ली में कई मुख्य मार्गों पर घंटों जाम भी रहा। दिल्ली के आईटीओ पर करीब दो से तीन फीट पानी भर गया।

**संबंध विच्छेद**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र, आबिद व उसकी पत्नी मुस्कान को उनके गलत व्यवहार के कारण अपनी चल -अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिया है भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी नैतिक अनैतिक कार्यों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी

प्रार्थिनी
शकीला बेगम पत्नी स्वर्गीय मोहब्बत अली
निवासी- खसरा नंबर - 501,नसबंदी कॉलोनी,
थाना- अंकुर विहार, गाजियाबाद

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






SS PATH LAB
& DIAGNOSTIC CENTRE
(Your Health is Our Priority)
Ultrasound + Digital X-Ray
ECG + Blood Tests
ब्लड टेस्ट पर 50% छूट
अल्ट्रासाउंड मात्र : ₹800/-
डिजिटल एक्स-रे मात्र : ₹250/-
ई.सी.जी. मात्र : ₹200/-
Lab Director : Dr. Sagar Kashyap (MBBS,MD)
Free Home Collection Facility Available
पता : सी-2, कचहरी रोड, आर.डी.सी. राजनगर, गाजियाबाद
0120-3501102, 9625609360



## गुर्जर समाज ने किया कृष्ण पाल गुर्जर का भव्य स्वागत

# केंद्रीय मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा समाज अपने परिवार की बेटियों की पढ़ाई पर दे ध्यान

### सरदार पटेल सेवा संस्थान गुर्जर भवन कविनगर में हुआ आयोजन

### विजयसिंह पथिक, गुर्जर सम्राट मिहिर भोज और सरदार बल्लभभाई पटेल, दरोगा गुर्जर याद किए गए

**गाजियाबाद ,करंट क्राइम :** रविवार को कवि नगर स्थित सरदार पटेल सेवा संस्थान गुर्जर भवन में गुर्जर समाज की ओर से मोदी सरकार में तीसरी बार केंद्रीय मंत्री बनने पर समाज के लोगों ने सांसद कृष्ण पाल गुर्जर का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन समारोह आयोजित किया। कवि नगर में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर उपस्थित हुए। तो कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप, गाजियाबाद के स्थानीय सांसद अतुल गर्ग, नोएडा से विधायक तेजपाल नागर, पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक नवाब नागर, मंचासीन चेहरों में शामिल रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी ने की, वह सरदार पटेल संस्थान गुर्जर भवन कवि नगर के संरक्षक भी हैं। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए कृष्ण पाल गुर्जर ने बताया कि उनका जीवन भारतीय जनता पार्टी में बहुत लंबा रहा है। वह पार्षद से लेकर राज्य सरकार में मंत्री, विधायक दल के नेता और बीते तीन बार से मोदी सरकार में केंद्रीय मंत्री हैं। उन्होंने कहा कि यह उनके समाज और उनके लिए गौरव की बात है कि भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने उनको इतना मौका और सम्मान दिया है।

उन्होंने कहा है कि आज कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक उनके समाज के लोग मौजूद हैं। वहीं उन्होंने बताया कि हिंदू-मुस्लिम व सिखों में भी गुर्जर मौजदू हैं। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि समाज के लोगों को चाहिए कि वह अपने घरों की बेटियों को पढ़ने पर ध्यान दें। इससे हम शिक्षित और व्यवहारिक बनेंगे। हमारे समाज की अलग पहचान होगी। कार्यक्रम में सरदार पटेल सेवा संस्थान गुर्जर भवन कवि नगर की ओर से उनको बुके, मूमेंटो और फूल मालाओं से स्वागत करते हुए सम्मानित भी किया गया।











## मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने की अतुल गर्ग की तारीफ, बताया रिश्ते हैं 45 साल पुराने

करंट क्राइम : कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर जब लोगों को संबोधित कर रहे थे, तो उन्होंने अपने व अतुल गर्ग के पिता स्वर्गीय दिनेश चंद गर्ग के समय के रिश्तों को बताया। साथ ही यह भी जानकारी दी कि बीते 45 सालों से उनके अतुल गर्ग से भी अच्छे संबंध हैं। साथ ही उन्होंने अतुल गर्ग की तारीफ करते हुए कहा कि अतुल गर्ग किस्मत के धनी व्यक्ति हैं। मिट्टी को छूते हैं तो वह भी सोना हो जाती है। इस दौरान उन्होंने बताया कि वह अतुल गर्ग के भाई के भी अच्छे मित्र रहे हैं।

## सांसद अतुल गर्ग ने कहा मेरी ओर से रहेगा पुस्तकालय के लिए पूरा सहयोग

करंट क्राइम : गुर्जर समाज की ओर से केंद्रीय मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर के स्वागत समारोह में बोलते हुए गाजियाबाद के स्थानीय सांसद अतुल गर्ग ने पहले अपने चिरपरिचित अंदाज में कहा कि कृष्ण पाल गुर्जर का नाम शायद ही कोई ऐसा गुर्जर परिवार हो जो न जानता हो।



कार्यक्रम में अतुल गर्ग से जब प्रशांत चौधरी ने कहा कि इस भवन के लिए उनका क्या योगदान होगा। तो सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि वह यहां एक अच्छा पुस्तकालय बनाएंगे। जिसमें कंप्यूटर के साथ छात्रों के पढ़ने के लिए अच्छी पुस्तकें और ज्ञानवर्धक सामग्री उपलब्ध होगी। इसकी पूरी व्यवस्था अतुल गर्ग के द्वारा कराई जाएगी।

## मंत्री नरेंद्र कश्यप ने मंच से की घोषणा, गुर्जर समाज देता है उनका साथ

करंट क्राइम : उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप रविवार को केंद्रीय मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर के स्वागत एवं अभिनंदन समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि कृष्ण पाल गुर्जर जिस तरीके से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार में तीसरी बार चुने गए हैं और उनका मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है, ऐसे देश की राजनीति में बिरले ही लोग होंगे, जो अपनी जगह बनाकर यह हैट्रिक लगा पाए। उन्होंने कहा कि गुर्जर समाज ने




जितना भारतीय जनता पार्टी का साथ दिया है, उतना ही भारतीय जनता पार्टी ने भी गुर्जर समाज के लिए किया है। केंद्रीय मंत्री के रूप में कृष्ण पाल गुर्जर का होना, यह सभी गुर्जर समाज के लिए सम्मान की बात है। इस दौरान नरेंद्र कश्यप ने कहा कि कवि नगर में बनाए गए सरदार पटेल सेवा संस्थान गुर्जर भवन के लिए उनकी ओर से जो भी मदद और सहयोग चाहिए होगा वह उसमें पीछे नहीं हटेंगे और प्रशांत चौधरी के साथ जो उनके रिश्ते कैसे हैं, सब जानते हैं।

## प्रशांत चौधरी और विवेक भाटी ने सफल कार्यक्रम से दिया मजबूत संदेश

करंट क्राइम : सरदार पटेल सेवा संस्थान गुर्जर भवन में केंद्रीय मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर के लिए जो भव्य समारोह और स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया, उसमें पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी की अध्यक्षता वाली सफलता और विवेक भाटी का समर्पण साफ नजर आ रहा था। कार्यक्रम स्थल गुर्जर समाज के प्रमुख चेहरों की भीड़ से भरा हुआ था। मंच पर दिल्ली-एनसीआर के प्रमुख गुर्जर नेता मंचासीन थे। तो वहीं जनता के बीच जो समाज के प्रमुख गुर्जर परिवार थे, वह नजर आ रहे थे। कार्यक्रम में प्रशांत चौधरी पूर्व विधायक और विवेक भाटी द्वारा आए अतिथियों का व्यक्तिगत रूप पर स्वागत करने के साथ ही उनका सम्मान और कार्यक्रम की पूरी जिम्मेदारी संभाले हुए थे।
















## सरदार पटेल सेवा संस्थान गुर्जर भवन में बनेगा पुस्तकालय, चिकित्सालय और भवन

करंट क्राइम : कार्यक्रम में अध्यक्षता की भूमिका निभा रहे पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी ने बताया है कि वह सरदार पटेल सेवा संस्थान गुर्जर भवन कवि नगर के संरक्षक हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले कुछ समय पर यहां पुस्तकालय, चिकित्सालय और ऐसा भवन बनाया जाएगा जिसमें गुर्जर समाज के लोगों को कम पैसे में एयर कंडीशन भवन के अंदर रुकने की व्यवस्था रहेगी। गुर्जर समाज के लोग अपने परिवार के कार्यक्रम यहां कम पैसे देकर करवा पाएंगे। साथ ही उन्होंने कहा यहां पर समय-समय पर अन्य सामाजिक कार्यक्रम भी आयोजित करने का केंद्र बनेगा।







## मंच पर नजर आए दिल्ली-एनसीआर के प्रमुख गुर्जर नेता

करंट क्राइम : कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर तो वहीं उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप, गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग, पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार नवाब सिंह नागर, पूर्व विधायक सतबीर गुर्जर, पूर्व विधायक दादरी तेजपाल नागर, जिलाध्यक्ष भाजपा गाजियाबाद सतपाल प्रधान, विवेक भाटी, यागेश भाटी, मास्टर मनोज नागर, अशोक चंदेल, पुष्पेंद्र प्रधान, राजीव कसाना, अविनाश चौधरी प्रधान, सुशील नागर, प्रवीण भाटी, अमित त्यागी, अनिल, विजय धामा, सुंदर भाटी, मनीष गुर्जर, एकलव्य बैंसला सहित अन्य गुर्जर समाज के पदाधिकारी उपस्थित रहे।







**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** रविवार को केंद्रीय मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर गाजियाबाद में आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान वो विशेष रूप से राजनगर स्थित पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी पूर्व विधायक हेमलता चौधरी के आवास पर पहुंचे। परिवार के सदस्यों में पूर्व विधायक के भांजे और वुडहिल डायरेक्टर विवेक भाटी ने उनका स्वागत किया । पारिवारिक वातावरण में केंद्रीय मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर का परिवार के सदस्यों ने भी स्वागत किया। इस दौरान प्रशांत चौधरी के पुत्र सिद्धार्थ चौधरी, रोहन चौधरी एवं दोनों पुत्रवधुओं, पौत्र-पौत्री परिवार के सभी सदस्य मौजूद रहे। निजी कार्यक्रम में परिवार के लोगों से केंद्रीय मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने बात की और सभी सदस्यों को आशीर्वाद दिया।

## संपादकीय


# युवाओं में बढ़ता अकेलापन

काफी समय से यह माना जाता रहा है कि बुजुर्गों में अकेलापन बढ़ गया है। इसका कारण संयुक्त परिवार का न होना, बच्चों का विदेश या बाहर के शहरों में बस जाना, रिटायरमेंट, जीवनसाथी का न रहना और दोस्तों से संपर्क टूटना आदि हैं, मगर अब नए शोध के अनुसार अकेलापन युवाओं को भी बहुत परेशान कर रहा है। यह असमय ही उन्हें मृत्यु की ओर धकेल रहा है। इसका एक कारण हमउम्र लोगों से कम संपर्क और परिवार से दूरी है।

नौकरियां भी अब ऐसी हो चली हैं, जहां युवा 24 घंटे के नौकर हैं। उन्हें हर हाल में टारगेट पूरे करने होते हैं। भले ही इसके लिए कितने ही घंटे काम क्यों न करना पड़े। इस अतिरिक्त व्यस्तता के कारण वे अपने आसपास और दोस्तों से कट रहे हैं। आपको अमेरिका में रहने वाले सर्वश्रेष्ठ गुप्ता का केस तो याद ही होगा। यह युवा बहुत तेजस्वी और मेधावी था।

अमेरिका के एक बड़े संस्थान में काम करता था। वह दफ्तर में 16-18 घंटे काम करता था, फिर भी अधिकारी कहते थे कि और करो। न उसके पास घर जाने का समय था और न ही सोने का। तब परिवार और दोस्तों के लिए समय कहां से आता। एक दिन इस युवा ने जिंदगी से हार मान ली। जिनके लिए 16-18 घंटे काम किया, उन्हें भला क्या फर्क पड़ा। उसकी जगह कोई और आ गया। कंपनियों का तो यह नियम ही है। विशेषज्ञ कहते हैं कि अपनों से कट जाने का मतलब एक तरह की असामयिक मृत्यु है। अकेलापन धूमपान करने से भी अधिक खतरनाक है। कुछ दिन पहले विश्व स्वास्थ्य संगठन ने बढ़ते अकेलेपन पर चिंता प्रकट की। उसके अनुसार अकेलापन दुनिया में महामारी की तरह फैल रहा है। डाक्टरों का कहना है कि अकेलेपन के कारण लोगों को नींद नहीं आती। उन्हें तरह-तरह की समस्याएं होती हैं। अवसाद बढ़ता है। प्रतिरोधक प्रणाली कमजोर हो जाती है। मानसिक स्वास्थ्य कमजोर हो जाता है। दिल की बीमारियों के खतरे बढ़ जाते हैं और तरह-तरह के रोग घेर लेते हैं। अकेलापन किसी गंभीर बीमारी जैसा ही खतरनाक है। अकेलापन हमारी भावनाओं पर आघात करता है। यह हमें हमेशा दुखी रखता है। दुखी होने से चिंता और तनाव बढ़ता है। यह जीवन की कठिनाइयों को बढ़ाता है। रही-सही कसर इंटरनेट मीडिया ने पूरी कर दी है। युवाओं का दफ्तर के कामकाज से जो समय बचता है, उसे वे इंटरनेट मीडिया पर खर्च करते हैं। इंटरनेट मीडिया भी तरह-तरह की प्रतिस्पर्धा से भरा है।

# पीएमआई डाटा, बजट और टेलीकॉम कंपनियों पर होगी इस सप्ताह निवेशकों की नजर



**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार के लिए पिछला सप्ताह तेजी वाला रहा। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों में करीब दो-दो प्रतिशत उछाल दर्ज किया गया। बाजार में लगातार चौथे सप्ताह तेजी रही। बैंकिंग शेयरों में पिछले सप्ताह जोरदार उछाल देखने को मिला। निफ्टी बैंक सूचकांक में एक प्रतिशत से ज्यादा की बढ़त दर्ज की गई। इस सप्ताह बाजार की दिशा कई घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय कारकों पर निर्भर करेगी। इसमें भारत और अमेरिका के विनिर्माण और सेवा क्षेत्र के पीएमआई आंकड़े शामिल हैं। इसके अलावा आगामी बजट से जुड़े अपटेड और भारतीय ऑटोमोबाइल कंपनियों की ओर से जारी किए जाने वाले मासिक बिक्री के आंकड़ों पर भी निवेशकों की निगाहें होंगी।

बाजार के जानकारों का कहना है कि इस सप्ताह बाजार की नजर सीमेंट और टेलीकॉम सेक्टरों की कंपनियों पर हो सकती है। अल्ट्राटेक की ओर से इंडिया सीमेंट में नॉन-कंट्रोलिंग हिस्सेदारी हासिल करने के कारण सीमेंट सेक्टर में कंसोलिडेशन देखने को मिल सकता है। वहीं, सभी टेलीकॉम कंपनियों की ओर से टैरिफ में इजाफा किया गया है। इसका असर इन कंपनियों के मुनाफे में पर भी पड़ेगा। इस वजह से बाजार का फोकस इन कंपनियों पर होगा। मास्टर कैपिटल सर्विसेज लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अरविंदर सिंह नंदा का कहना है कि चार्ट पर निफ्टी बुलिश लग रहा है। अगर निफ्टी 24,200 अंक के स्तर को पार कर टिकता है तो यह 24,500 अंक और फिर 24,700 अंक के स्तर तक जा सकता है।

अगर यह 24,000 अंक के नीचे उतरता है तो फिर 23,800 अंक, 23,600 अंक और फिर 23,400 अंक के स्तर तक भी लुढ़क सकता है। हमें उम्मीद है कि इस सप्ताह निफ्टी 24,600 अंक से 23,600 अंक की रेंज में रह सकता है।

# मुंबई और दिल्ली में तेजी से बढ़ रहे प्राइम प्रॉपर्टी के दाम : रिपोर्ट



नई दिल्ली, 30 जून (आईएएनएस)। भारत की अर्थव्यवस्था का प्रदर्शन दुनिया के अन्य देशों के मुकाबले काफी अच्छा है। इसका असर दिल्ली और मुंबई जैसे शहरों की प्रॉपर्टी के दामों पर भी देखने को मिला है। इस वर्ष की पहली तिमाही में दिल्ली और मुंबई की प्राइम प्रॉपर्टी की कीमत में तेज वृद्धि हुई है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। नाइट फ्रैंक की 'प्राइम ग्लोबल सिटीज इंडेक्स क्यू1 2024' रिपोर्ट में बताया गया कि जनवरी से मार्च के बीच सालाना आधार पर मुबंई में प्रॉपर्टी की कीमत में 11.5 प्रतिशत का उछाल देखने को मिला है। वहीं, दिल्ली की घरों की कीमतों में सालाना आधार पर 10.5 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। दुनिया के शीर्ष 44 शहरों की प्रॉपर्टी कीमतों के आधार पर तैयार की गई इस रिपोर्ट में बताया गया कि 26.2 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि के साथ मनीला टॉप पर था। इसके बाद टोक्यो का नाम आता है। जहां प्रॉपर्टी की कीमत में 12.5 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। रिपोर्ट में बताया गया कि भारत की जीडीपी वृद्धि दर 8 प्रतिशत से अधिक की है। इससे देश में घरों की कीमतों में इजाफा देखने को मिल रहा है। नाइट फ्रैंक प्राइम ग्लोबल सिटीज इंडेक्स के मुताबिक 2024 की पहली तिमाही में दुनिया के शीर्ष 44 शहरों में प्रॉपर्टी की कीमतों में 4.1 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि हुई है, जो कि 2022 की तीसरी तिमाही के बाद सबसे ज्यादा है। तिमाही आधार पर देखा जाए तो 2024 की पहली तिमाही में मासिक आधार पर प्रॉपर्टी की कीमतों में औसत वृद्धि दर 1.1 प्रतिशत की रही है, जो कि 2023 की चौथी तिमाही में 0.3 प्रतिशत थी। नाइट फ्रैंक के ग्लोबल रिसर्च हेड लियाम बेली ने कहा कि इंडेक्स इस ओर इशारा करता है कि अधिक मांग के कारण कीमतों में इजाफा हो रहा है। आपूर्ति भी सीमित बनी हुई है।

# शीर्ष 10 शेयर बाजारों में जून तिमाही में सबसे अधिक बढ़ा भारतीय शेयर मार्केट



**नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 2024-25 की जून तिमाही भारतीय शेयर बाजार के लिए काफी शानदार रही। इस अवधि में भारतीय शेयर बाजार के पूंजीकरण में 13.8 प्रतिशत (डॉलर में) की वृद्धि हुई है, जो कि दुनिया के शीर्ष 10 बाजारों में सबसे अधिक थी। मौजूदा समय में भारतीय शेयर बाजार का पूंजीकरण 5 ट्रिलियन डॉलर से अधिक का है और यह दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा शेयर बाजार है। अप्रैल से जून के बीच दुनिया के सबसे बड़े शेयर बाजार अमेरिका के बाजार मूल्यांकन में 2.75 प्रतिशत का इजाफा हुआ है और यह करीब 56 ट्रिलियन डॉलर पर पहुंच गया है। दुनिया के दूसरे सबसे बड़े शेयर बाजार चीन के मूल्यांकन में अप्रैल से जून के बीच 5.59 प्रतिशत की गिरावट हुई है। इसके साथ ही चीनी शेयर बाजार का पूंजीकरण कम होकर 8.6 ट्रिलियन डॉलर रह गया है। भारत के बाद अप्रैल से जून के बीच ताइवान और हांगकांग के बाजार में क्रमशः 11 प्रतिशत और 7.3 प्रतिशत की बढ़त हुई है। ताइवान और हांगकांग के बाजार का मूल्यांकन बढ़कर क्रमशः 2.49 ट्रिलियन और 5.15 ट्रिलियन हो गया है। वहीं, यूनाइटेड किंगडम के शेयर बाजार का मूल्यांकन 3.3 प्रतिशत बढ़कर 3.2 ट्रिलियन डॉलर हो गया है। शीर्ष 10 बाजारों में सऊदी अरब के शेयर बाजार के मूल्यांकन में सबसे अधिक 8.7 प्रतिशत की गिरावट हुई है और यह 2.67 ट्रिलियन डॉलर रह गया है। इसके बाद फ्रांस के शेयर बाजार का मूल्यांकन 7.63 प्रतिशत गिरकर 3.18 ट्रिलियन डॉलर रह गया है। वहीं, जापान के शेयर बाजार का मूल्यांकन 6.24 प्रतिशत गिरकर 6.31 ट्रिलियन डॉलर रह गया है। भारतीय शेयर बाजार में 2023 से ही तेजी देखी जा रही है। पिछले वर्ष भारत के शेयर बाजार के मूल्यांकन में 25 प्रतिशत से ज्यादा का इजाफा हुआ था। जून में सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ने करीब 7 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। भारतीय शेयर बाजार में तेजी की वजह अर्थव्यवस्था का बेहतर प्रदर्शन करना है, जिसके कारण घरेलू और विदेशी निवेशक बड़ी संख्या में भारत में निवेश कर रहे हैं।

# क्रिकेट वर्ल्ड कप टी20 के फाइनल में 40 प्रतिशत बढ़ गई क्विक कॉमर्स की बिक्री : रिपोर्ट




**नई दिल्ली।** फिनटेक स्टार्टअप 'सिंपल' ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि क्रिकेट वर्ल्डकप टी20 फाइनल के आसपास उसके प्लेटफॉर्म पर कंज्यूमर खर्च में 40 प्रतिशत का इजाफा देखने को मिला। भारत ने शनिवार को बारबाडोस के केंसिंग्टन ओवल में हुए वर्ल्डकप टी20 के फाइनल में साउथ अफ्रीका को 7 रनों से हराया था। 'सिंपल' की फाउंडर और सीईओ नियति शर्मा ने कहा कि टी20 वर्ल्डकप के दौरान भारतीयों ने खुलकर अपनी क्रिकेट टीम का समर्थन किया। यह उनके ऑनलाइन खर्चों में देखने को मिला। पिछले 50 ओवर के वर्ल्डकप फाइनल के मुकाबले इस टी20 वर्ल्डकप फाइनल में क्विक कॉमर्स पर खरीदारी में 40 प्रतिशत की बढ़त देखने को मिली। नियति ने आगे कहा कि मैच के दौरान रात 8 से 11 बजे के बीच लोगों ने लगातार क्विक कॉमर्स के जरिए खरीदारी की। वहीं, एक ग्राहक की ओर से सबसे अधिक 16,410 रुपये की खरीदारी की गई। 'सिंपल' प्लेटफॉर्म के जरिए जेप्टो, ब्लिंकिट, स्विगी इंस्टामार्ट और पोर्टर पर 100 रुपये से नीचे के ऑर्डर में नवंबर में हुए फाइनल के मुकाबले 35 प्रतिशत की बढ़त देखने को मिली। नियति ने आगे कहा कि यह दिखाता है कि ग्राहक अपनी त्वरित जरूरतों की चीजों की पूर्ति के लिए क्विक कॉमर्स का रूख कर रहे हैं।

## राशिफल

**मेष :** नौकरी में तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा और पदोन्नति के भी योग बनेंगे। मेष और सिंह का सहयोग ले सकते हैं। स्वास्थ्य बेहतर रहेगा।

**वृष :** नौकरी और व्यवसाय के लिए अनुकूल है और इस राशि से तृतीया का गोचर छात्रों को लाभ देगा। धार्मिक यात्रा की योजना बन सकती है। सफेद और नारंगी रंग शुभ हैं।

**मिथुन :** आज का दिन आपके लिए धन और ऐश्वर्य देने वाला है। बिजनेस अपना फुल फॉर्म ले लेगा। परिवार के साथ यात्रा हो सकती है। नीला और हरा रंग शुभ हैं।

**कर्क :** इस राशि में सूर्य के गोचर से नौकरी में बहुत सुखद समाचार सुनने को मिल सकते हैं। आप हर कार्य में सफल होंगे। व्यापार में सफलता मिलेगी।

**सिंह :** इस सप्ताह व्यापार में विशेष प्रगति हो रही है। पैसों के खर्च को लेकर सावधान रहना होगा। शिक्षा के क्षेत्र में सूर्य और चंद्रमा के गोचर से आपको लाभ हो सकता है।

**कन्या :** व्यापार बहुत अच्छा रहेगा। प्रतिदिन माता दुर्गा और शिव के मंदिर में जाकर उनका आशीर्वाद लें। पैसा आएगा। नौकरी में तरक्की की संभावना है।

**तुला :** नौकरी को लेकर कुछ तनाव रहेगा। शुक्र और चंद्रमा का गोचर व्यापार में लाभ प्रदान करेगा। हनुमान जी की पूजा करते रहें। मेष राशि के मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक :** बैंकिंग से जुड़े लोगों को सफलता मिलेगी। आध्यात्मिक प्रगति से आप प्रसन्न रहेंगे। आप एक नई व्यावसायिक योजना पर निर्णय ले सकते हैं।

**धनु :** धन की प्राप्ति शुरू होगी। परिवार में कुछ तनाव हो सकता है। व्यापार में रुके हुए धन के आगमन से प्रसन्नता होगी। राजनीति में विशेष लाभ का योग है।

**मकर :** आपको आर्थिक सफलता मिलेगी। बैंकिंग, आईटी और टीचिंग में काम करने वालों की तरक्की होगी। हरा और बैंगनी रंग शुभ होता है।

**कुंभ :** शनि अभी इस राशि से बारहवें भाव में है। विद्यार्थियों को सफलता मिलेगी। व्यापार से जुड़ा कोई नया काम शुरू होगा। भगवान शिव की नित्य पूजा करें। हरा शुभ है।

**मीन :** गुरु अभी इस राशि में है। नौकरी और व्यापार में आपको सफलता मिलेगी। सूर्य का पंचम गोचर अत्यंत फलदायी है। पैसों के लेन-देन के प्रति सचेत रहें।

## चुटकुले

एक दिन की बात है पप्पू
अपने दोस्त के साथ सिनेमा हाल मैं फिल्म देखने गया
फिल्म देखते-2 बार-बार टायलेट जाता, बैठता फिर जाता।
अब उसके दोस्त को गुस्सा आ गया और वो पप्पू से बोला- अबे तुझे चैन नहीं है क्या
जो बार बार जाता है ?
पप्पू धीरे से बोला- यार 'चैन' तो है
पर साली खुल ही नहीं रही यार !

---

प्रोफैसर ने क्लास में पुछा गाली की परिभाषा बताओ।
स्टूडेंट बोला-अत्यधिक क्रोध आने पर शारीरिक
रूप से हिंसा न करते हुए, मौखिक
रूप से की गयी हिंसात्मक
कार्यवाही के लिए चुने गए
शब्दों का समूह , जिसके उच्चारण के
पश्चात मन को असीम शांति का अनुभव
होता हैं, उसे हम गाली कहते हैं !!
प्रोफेसर-आपके चरण कहाँ हैं प्रभु

## रोचक तथ्यों का करंट

- एनबीसी और एटी एंड टी ने कारपोरेट और सरकारी धमकियों का इस्तेमाल एफएम रेडियो के आविष्कारक एडविन आर्मस्ट्रांग के जीवन को नष्ट करने के लिए किया, जिससे उनको आत्महत्या करनी पड़ी।
- लियो फेंडर, टेलीकास्टर और स्ट्रैटेकास्टर के आविष्कारक, गिटार नहीं बजा सकते थे।
- रॉबर्ट टेलर, साबुन-में-एक-पंप-बोतल (सोफ्ट्सओप) के आविष्कारक को पता था कि कोलगेट जैसे बड़े प्रतियोगियों अपने उत्पाद की प्रतिलिपि ( नकल ) करने का प्रयास करेंगे। यह सुनिश्चित करने के लिए कि वे उसे प्रतिलिपि नहीं कर सके, उन्होंने अमेरिका में हर छोटी बोतल हाथ पंप (100 मिलियन बोतलों) खरीदा। इसके परिणामस्वरूप बाजार का एक वर्ष स्वयं को मिला।
- एडिसन ने साल 1903 में एक हाथी को बिजली का झटका दे दिया था ताकि टेस्ला के एसी करंट को खतरनाक साबित कर सके।
- बबल व्रैप के, अल्फ्रेड फीलि्डंग और मार्क चावेंस आविष्कारक मूल रूप से 3 डी प्लास्टिक वॉलपेपर बनाने की कोशिश कर रहे थे, जो कि उनकी विफलता थी।




दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606315 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# मोदी ने टीम इंडिया से बात की धोनी बोले- इससे अच्छा बर्थ-डे गिफ्ट नहीं हो सकता, सचिन ने कहा- जीत युवाओं को प्रेरणा देगी

● हार्दिक पंड्या को उनके अंतिम ओवर और सूर्यकुमार यादव को उनके कैच के लिए सराहा।

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार (30 जून) को भारतीय क्रिकेट टीम के प्लेयर्स से फोन पर बात की और पूरी टीम को टी-20 वर्ल्ड कप जीतने की बधाई दी। वहीं पहले टी-20 वर्ल्ड चैंपियन कप्तान एमएस धोनी समेत मौजूदा और पूर्व क्रिकेटरों ने भारतीय टीम की जमकर तारीफ की है। धोनी की कप्तानी में भारत ने 2007 में साउथ अफ्रीका में पहला टी-20 वर्ल्ड कप जीता था। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक साल बाद पोस्ट किया और टीम इंडिया को बधाई दी और इस जीत को उनके जन्मदिन का गिफ्ट बताया।






धोनी अगले महीने 7 जुलाई को 43 साल के हो जाएंगे।

### हमें भारतीय टीम पर गर्व है: पीएम मोदी

'चैंपियंस! हमारी टीम शानदार अंदाज में टी-20 वर्ल्ड कप लेकर आई है। हमें भारतीय क्रिकेट टीम पर गर्व है। उन्होंने कहा कि 140 करोड़ से ज्यादा भारतीय हमारे सभी क्रिकेटर्स के प्रदर्शन पर गर्व महसूस कर रहे हैं। पीएम ने कहा कि उन्होंने मैदान में कप जीता है, और देश के हर गांवों और गलियों में करोड़ों भारतीयों का दिल जीता है।'

### धोनी का इंस्टाग्राम पोस्ट

'2024 वर्ल्ड कप चैंपियन। मेरे दिल की धड़कन बढ़ी हुई थी। खुद में विश्वास बनाए रखा और वो किया जो करते आए हैं। सभी भारतीयों की ओर से वर्ल्ड कप वापस लाने के लिए शुक्रिया। बधाई हो। अरे हां इस अनमोल जन्मदिन के उपहार के लिए धन्यवाद।'

### मोदी ने फोन पर पूरी टीम की तारीफ की

मोदी ने रोहित शर्मा को उनकी शानदार कप्तानी के लिए बधाई दी और उनके टी-20 करियर की सराहना की। पीएम मोदी ने फाइनल में विराट कोहली की पारी और भारतीय क्रिकेट में उनके योगदान की भी तारीफ की। उन्होंने हार्दिक पंड्या को उनके अंतिम ओवर और सूर्यकुमार यादव को उनके कैच के लिए सराहा। उन्होंने जसप्रीत बुमराह के योगदान की भी तारीफ की। मोदी ने भारतीय क्रिकेट में उनके योगदान के लिए राहुल द्रविड़ को भी धन्यवाद दिया।

### सचिन तेंदुलकर का पोस्ट

'इंडिया की जर्सी में शामिल हर सितारा हमारे देश के बच्चों को अपने सपनों के करीब एक कदम और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। भारत को चौथा कप मिला, टी20 वर्ल्ड कप में हमारा दूसरा सितारा। वेस्टइंडीज में भारतीय क्रिकेट के लिए जीवन एक चक्र बन गया।'

### वीरेंद्र सहवाग का पोस्ट

'क्रिकेट में भी कुछ-कुछ स्टॉक मार्केट जैसा ही होता है। स्टॉक लंबे समय तक एक दायरे में रहता है और फिर अचानक उस दायरे से बाहर निकल कर ऊपर चढ़ जाता है। वैसे ही भारतीय टीम सालों से एक रेंज में अच्छा प्रदर्शन कर रही थी, पर कोई भी आईसीसी ट्रॉफी नहीं जीत पाती थी। कल की जीत मुझे लगता है 13 साल बाद टीम का एक बड़ा उछाल है और इसे एक निर्णायक जीत की तरह देखा जा सकता है। मेरा मानना है कि इस जीत के बाद आने वाले सालों में टीम लगातार आईसीसी ट्रॉफी जीतती रहेगी।'

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का पोस्ट

'टी-20 वर्ल्ड कप जीतने के लिए टीम इंडिया को मेरी तरफ हार्दिक बधाई। कभी हार न मानने वाले जज्बे के साथ, टीम ने मुश्किल परिस्थितियों से पार पाया और पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन कौशल का प्रदर्शन किया। फाइनल मैच में यह एक असाधारण जीत थी। शाबाश, टीम इंडिया! हमें आप पर गर्व है।'

### माइकल वॉन का पोस्ट

'भारत को वर्ल्ड कप जिताने के लिए अविश्वसनीय कैच। बिल्कुल शानदार फाइनल। भारत बेस्ट टीम रही है इसलिए जीत की पूरी हकदार है। हालांकि साउथ अफ्रीका भी ज्यादा पीछे नहीं रही है। शानदार वर्ल्ड कप।'

# पेरिस ओलंपिक से पहले पीएम मोदी की देशवासियों से अपील, खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने का किया आग्रह

**नई दिल्ली।** बारबाडोस में शनिवार को खेले गए टी20 विश्व कप के फाइनल मुकाबले में भारत ने दक्षिण अफ्रीका को सात रनों से हरा दिया। इस जीत के साथ भारत ने 17 साल बाद दूसरी बार टी20 विश्व कप का खिताब अपने नाम किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस शानदार जीत के लिए टीम इंडिया को बधाई दी। इस ऐतिहासिक पल के एक दिन बाद उन्होंने रविवार को मन की बात कार्यक्रम में पेरिस ओलंपिक के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने देशवासियों से 26 जुलाई से होने वाले पेरिस ओलंपिक में भारत के एथलीटों का उत्साह बढ़ाने का आग्रह किया। बता दें कि पेरिस ओलंपिक 26 जुलाई से 11 अगस्त तक जारी रहेगा। टोक्यो ओलंपिक 2020 में भारत सात मेडल



जीतने में कामयाब रहा था, जिसमें एक स्वर्ण, दो रजत और चार कांस्य पदक शामिल था।

### इस बार होगा कुछ नया

प्रधानमंत्री ने बताया कि इस बार पेरिस ओलंपिक में कुछ चीजें पहली बार होगी। उन्होंने कहा, दोस्तों इस बार पेरिस ओलंपिक में आपको कुछ ऐसी चीजें देखने को मिलेंगी, जो पहली बार हो रहा होगा। शूटिंग में हमारे खिलाड़ियों की प्रतिभा निखर कर सामने आ रही है। टेबल टेनिस में महिला और पुरुष दोनों ही क्वालीफाई कर चुके हैं। हमारी शूटर बेटियां भी गनशॉट टीम का हिस्सा हैं। इस बार हमारे खिलाड़ी कुश्ती और घुड़सवारी में भी हिस्सा ले रहे हैं।

उन्होंने आगे कहा, आप अंदाजा लगा सकते हैं कि इस बार खेलों में एक अलग ही स्तर का उत्साह देखने को मिलेगा। आपको याद होगा, हाल ही में हमने वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैंपियंशिप में शानदार प्रदर्शन दिखाया था। हमारे खिलाड़ियों ने शतरंज और बैडमिंटन में परचम लहराया है। अब पूरे देश को उम्मीद है कि हमारे खिलाड़ी ओलंपिक में भी शानदार प्रदर्शन करेंगे।

### पीएम मोदी का देशवासियों से अनुरोध

रेडियो कार्यक्रम मन की आवाज में पीएम मोदी ने कहा, मेरे प्रिय देशवासियों अगले महीने से पेरिस ओलंपिक शुरू होने वाला है। मुझे यकीन है कि आप भी भारत का उत्साह बढ़ाने के लिए इस पल का इंतजार कर रहे हैं। मैं ओलंपिक गेम्स के लिए भारतीय टीम को शुभकामनाएं देता हूं। टोक्यो ओलंपिक की यादें आज भी हमारे दिमाग में ताजा है। उन्होंने आगे कहा कि टोक्यो ओलंपिक के प्रदर्शन ने देश का दिल जीत लिया और कई खिलाड़ियों ने ऐतिहासिक प्रदर्शन के बाद विभिन्न खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता के लिए कड़ी तैयारी करके और दुनिया भर में कुल मिलाकर नौ सौ विभिन्न आयोजनों में भाग लेकर अपने मिशन पेरिस 2024 की शुरूआत की। पीएम मोदी ने कहा, टोक्यो में हमारे खिलाड़ियों का प्रदर्शन सभी भारतीयों के दिल को जीत लिया। टोक्यो ओलंपिक के तुरंत बाद ही हमारे खिलाड़ी पेरिस ओलंपिक की तैयारी में जुट गए। अगर सभी खिलाड़ियों को एक साथ ले आए तो इन सभी में लगभग नौ सौ अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा ले चुके हैं। यह बहुत बड़ी संख्या है।

# वर्ल्ड कप जिताकर रोहित और विराट का टी-20 से रिटायरमेंट

## कोहली प्लेयर ऑफ द फाइनल, शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड को बाहर किया

**नई दिल्ली।** 16 साल, 9 महीने और 5 दिन बाद भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप जीतने का इंतजार खत्म कर दिया। यह संभव हुआ कप्तान रोहित शर्मा की ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड के खिलाफ अटैकिंग फिफ्टी और विराट कोहली की प्लेयर ऑफ द फाइनल परफॉर्मेंस से। रोहित-विराट के साथ टीम के बाकी खिलाड़ी भी अहम रहे, लेकिन इंडियन क्रिकेट के इन 2 दिग्गजों ने भारत की वर्ल्ड कप भूख खत्म करते ही टी-20 से संन्यास ले लिया। इसलिए इनका क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट में लेजेंडरी सफर तो जानना जरूरी हो गया है।



### विराट कोहली

'यह मेरा आखिरी टी-20 वर्ल्ड कप था, हम यही अचीव करना चाहते थे। शानदार गेम। रोहित के साथ ओपनिंग पर जाते हुए मैंने उनसे कहा था, किसी दिन आपको लगता है कि अब रन नहीं बनेंगे, फिर आप बैटिंग करने जाते हैं और रन आने लग जाते हैं। भगवान महान हैं, मैं शुक्रगुजार हूं कि टीम को जब सबसे ज्यादा जरूरत थी, तब मैं परफॉर्म कर सका।'

भारत ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ फाइनल में 34 रन पर 3 विकेट गंवा दिए थे। यहां से विराट ने पारी संभाली और 76 रन बनाकर भारत को चैलेंजिंग स्कोर तक पहुंचाया। विराट ने आगे कहा, 'यह मेरा आखिरी टी-20 मैच था। यह हमारा सपना था, हम क्ळउ टूर्नामेंट जीतना ही चाहते थे, हम कप उठाना चाहते थे। मैंने सिचुएशन का सम्मान किया, फोकस रखा और अपनी टीम के हिसाब से खेला। मैं फाइनल में परफॉर्म कर खुश हूं। हम अगर फाइनल हार जाते तब भी मैं संन्यास ले लेता। अब नई जनरेशन जिम्मेदारी संभाले। वर्ल्ड कप 2 साल बाद होगा, भारत में बहुत से टैलेंटेड खिलाड़ी हैं, ये टी-20 फॉर्मेट में टीम को आगे ले जाएंगे। मुझे यकीन है कि वे भारत का झंडा इसी तरह लहराएंगे।'

### रोहित शर्मा

'मेरा भी यह आखिरी टी-20 था। इस फॉर्मेट को अलविदा कहने का इससे बेहतर समय नहीं हो सकता। मैंने करियर का हर मोमेंट एंजॉय किया। मैंने अपना इंटरनेशनल करियर इसी फॉर्मेट से शुरू किया। मैं यही चाहता था, मैं कप जीतना चाहता था।

मेरे पास शब्द नहीं हैं। मेरे लिए यह बहुत इमोशनल मोमेंट है, मैं क्ळउ ट्रॉफी किसी भी हाल में जीतना चाह रहा था। खुश हूं कि हमने फाइनली यह कर दिखाया।'

### वर्ल्ड कप में कई यादगार पारियां खेलीं, लेकिन फाइनल इनिंग रही बेस्ट

2022 में पाकिस्तान के खिलाफ मेलबर्न में 82 रन, 2014 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ सेमीफाइनल में 72 रन और उसी साल फाइनल में श्रीलंका के खिलाफ 77 रन कोहली की वर्ल्ड कप की बेस्ट पारियां थीं। लेकिन साउथ अफ्रीका के खिलाफ फाइनल में फिफ्टी, वर्ल्ड कप करियर में उनके बेस्ट 76 रन रहे।

### 2 बार प्लेयर ऑफ द वर्ल्ड कप बने, 3 में 270+ रन बनाए

विराट वैसे तो रन मशीन हैं, लेकिन क्ळउ टूनामेंट आते ही उनका बल्ला दोगुनी गति से रन बनाने लग जाता है। टी-20 वर्ल्ड कप तो उनके लिए कुछ ज्यादा ही स्पेशल है। उन्होंने 2012 में इस फॉर्मेट का पहला वर्ल्ड कप खेला, इसमें 2 फिफ्टी लगाई। फिर अगले ही वर्ल्ड कप में 4 फिफ्टी के सहारे 319 रन बना दिए, टीम तब खिताब भले न जीत सकी हो लेकिन विराट प्लेयर ऑफ द टूनार्मेंट बनकर सांत्वना पुरस्कार जरूर ले गए।

### संगकारा-जयवर्धने ने भी वर्ल्ड कप जीतकर कहा था अलविदा

श्रीलंका के दिग्गज कुमार संगकारा और महेला जयवर्धने की तरह ही विराट-रोहित ने टी-20 को अलविदा कहा। दोनों श्रीलंकाई दिग्गजों ने 2014 में मीरपुर के मैदान पर भारत को ही टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल हराकर क्ळउ ट्रॉफी जीती। इसी के साथ दोनों दिग्गजों ने टी-20 फॉर्मेट को अलविदा कह दिया था।
2015 में फिर दोनों श्रीलंकाई दिग्गजों ने इंटरनेशनल क्रिकेट से भी रिटायरमेंट ले लिया। हालांकि, भारत के ट्रॉफी के सूखे को खत्म करने के बाद अब विराट और रोहित के 2027 का वनडे वर्ल्ड कप खेलने की संभावनाएं भी बढ़ गई हैं। तब रोहित 40 और विराट 38 साल के होंगे।

# नहीं रहे हिमाचल के पहले अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी भूपेंद्र सिंह रावत

**नाहन।** हिमाचल प्रदेश के खेल प्रेमियों के लिए एक दुखद समाचार है। अपने जमाने के बेहतरीन फुटबॉल खिलाड़ी भूपिंदर सिंह रावत का 84 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। उनका संबंध नाहन छावनी से था और वह प्रारंभ में सेना में थे। उन्होंने गोरखा ब्रिगेड का प्रतिनिधित्व किया और बाद में मफतलाल फूटबाल क्लब के लिए खेले। भूपिंदर सिंह रावत पहले हिमाचली खिलाड़ी थे, जिन्होंने फूटबाल में भारत का प्रतिनिधित्व किया। वे सूरत, गुजरात में बस गए थे। शनिवार को उनका निधन हो गया। रविवार को सूरत में उनका अंतिम संस्कार किया जा रहा है। भूपिंदर सिंह रावत के निधन से फुटबॉल प्रेमियों में शोक की लहर दौड़ गई है। एक समय में नाहन का फुटबॉल समूचे देश में एक अलग पहचान रखता था। राकेश फुटबॉल मेमोरियल टूनार्मेंट ने देश में एक खास पहचान बनाई थी, लेकिन दशकों पहले इस टूनार्मेंट का




आयोजन बंद हो गया। मोहन बागान जैसी टीमें भी फुटबॉल खेलने नाहन आया करती थीं, लेकिन धीरे-धीरे शहर ने फुटबॉल में अपनी पहचान खो दी।

भूपिंदर सिंह रावत का योगदान न केवल हिमाचल प्रदेश बल्कि पूरे भारतीय फुटबॉल के लिए महत्वपूर्ण था। उनके खेल कौशल और समर्पण ने उन्हें एक प्रेरणास्रोत बनाया। उनके निधन से फुटबॉल जगत को एक बड़ी क्षति हुई है। उनकी यादें और उनके योगदान हमेशा जीवित रहेंगे। हिमाचल प्रदेश के लोगों और फुटबॉल प्रेमियों के लिए यह समय दुखदायी है, लेकिन भूपिंदर सिंह रावत की विरासत हमेशा उनके दिलों में बसी रहेगी।

# गाजीपुर के राजकुमार का हॉकी ओलंपिक टीम में चयन: प्रतियोगिता में हिस्सा लेने जाएंगे पेरिस, बने जिले के पहले हॉकी ओलंपियन

**गाजीपुर।** गाजीपुर के सैदपुर के करमपुर गांव के रहने वाले राजकुमार पाल का चयन भारतीय हाकी ओलंपिक टीम के लिए किया गया है। राजकुमार पाल गाजीपुर के पहले हाकी खिलाड़ी हैं। जिनका चयन ओलंपिक टीम में हुआ है। पेरिस में होने वाले 2024 के ओलंपिक खेल में भाग लेने वाली भारत की 16 सदस्यीय टीम में राजकुमार मिडफील्डर के तौर पर खेलेंगे।

करमपुर के मेघबरन सिंह स्टेडियम से राजकुमार ने 8 साल की उम्र से हाकी खेलना शुरू किया था और अब वो इस मुकाम पर पहुंचे हैं। राजकुमार पाल पिछले चार सालों से नेशनल टीम का हिस्सा हैं और इनके बेहतरीन खेल की वजह से उनका ओलंपिक टीम में चयन किया गया है। इससे पहले कई अंतराष्ट्रीय मैच खेल चुके हैं। 2020 में बेल्जियम के



खिलाफ अपना पहला अंतराष्ट्रीय मैच खेला था। राजकुमार फिलहाल बेंगलुरु में ट्रेनिंग कैम्प अटेंड कर रहे हैं और ओलंपिक की तैयारी कर रहे हैं। 8 जुलाई को राजकुमार हॉलैंड जाएंगे और वहां कुछ प्रैक्टिस मैच खेलेंगे। वहां से वो पेरिस के लिये रवाना होंगे।

मेघबरन सिंह स्टेडियम के दो खिलाड़ियों राजकुमार पाल और ललित उपाध्याय का चयन ओलंपिक के लिए हुआ है। ललित उपाध्याय पिछले ओलंपिक में भी कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम का हिस्सा रहे हैं और वो मूल रूप से वाराणसी के रहने वाले हैं।

### गाजीपुर को मिला पहला ओलंपियन

गाजीपुर को राजकुमार पाल के रूप में पहला ओलंपियन मिल गया है। राजकुमार पाल के पिता का निधन एक एक्सीडेंट में हो गया था और वो तीन भाई हैं। उनके दो बड़े भाई जोखन पाल और राजू पाल हैं जो कि इसी स्टेडियम के ही खिलाड़ी रहे हैं और फिलहाल स्पोर्ट्स कोटे से सरकारी नौकरी में हैं। राजकुमार पाल के कोच इन्द्रदेव ने बताया कि राजकुमार पाल ने 8 साल की उम्र से इस स्टेडियम में खेलना शुरू कर दिया था और वो बचपन से ही बहुत अनुशासित खिलाड़ी रहा है। आज ओलंपिक में जाने वाले गाजीपुर के पहले खिलाड़ी बन गए हैं।

# केदारनाथ मंदिर के पास एवलांच: झारखंड में निमार्णाधीन पुल गिरा राजस्थान-मध्य प्रदेश समेत 9 राज्यों में आज भारी बारिश की चेतावनी

**नई दिल्ली।** देशभर में जारी बारिश के बीच रविवार को उत्तराखंड में केदारनाथ मंदिर के पास एवलांच आया। मंदिर के पीछे पहाड़ी पर सुबह 5 बजे गांधी सरोवर के ऊपर बर्फ का बड़ा हिस्सा सरक गया। हालांकि इसमें जानमाल का नुकसान नहीं हुआ। इससे पहले उत्तराखंड के हरिद्वार में शनिवार को गंगा नदी का जलस्तर बढ़ने से 8 गाड़ियां बह गई थीं।

दूसरी तरफ, झारखंड के गिरिडीह जिले में मानसून की पहली बारिश में ही एक निमार्णाधीन पुल गिर गया। गिरिडीह के देवरी प्रखंड में अरगा नदी पर यह पुल 5.5 करोड़ की लागत से बन रहा था, लेकिन शनिवार को बारिश के कारण नदी का जलस्तर बढ़ गया। रविवार को नदी की तेज धारा में पुल का गर्डर टूट कर गिर गया।

आईएमडी ने यूपी, उत्तराखंड, हिमाचल, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में आज भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। इन राज्यों में 2 जुलाई तक ऑरेंज अलर्ट है। अरुणाचल प्रदेश में रेड अलर्ट है। मेघालय, अरुणाचल, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में 30 जून से 3 जुलाई के बीच 64.5 से 204.4 बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग का अनुमान है कि मानसून रविवार (30 जून) को पूरे देश को कवर कर लेगा। शनिवार (29 जून) को मानसून उत्तर प्रदेश के कई जिलों में आगे बढ़ गया। अब सिर्फ पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी राजस्थान के हिस्से बाकी हैं। आमतौर पर मानसून पूरे देश को 8 जुलाई तक कवर करता है।

### देश में लगातार तीसरे साल सामान्य से कम बारिश

दो-तीन दिनों से देश के अलग-अलग हिस्सों में मूसलाधार बारिश से बीते गुरुवार (27 जून) तक जून में बारिश की जो 19% कमी थी, वह शनिवार (29 जून) को घटकर 14% रह गई। 29 जून तक सामान्यत: 157.7 बारिश होनी चाहिए, लेकिन शनिवार तक 136 बारिश हुई है। यह तीसरा वर्ष होगा, जब जून में सामान्य से कम बारिश दर्ज होगी। 10 वर्षों में ऐसा चार बार ही हुआ है कि बारिश सामान्य से ज्यादा हुई है।

### हिमाचल में सड़कें बंद, असम में पुलिस-सीआरपीएफ कैंप में बाढ़ का पानी

हिमाचल प्रदेश के कई हिस्सों में शनिवार (29 जून) को भारी बारिश हुई। कांगड़ा, कुल्लू और किन्नौर जिलों में तीन सड़कों पर ट्रैफिक बंद कर दिया गया है। वहीं, असम में पिछले तीन दिनों से लगातार बारिश के कारण बाढ़ की स्थिति बन गई है। डिब्रूगढ़ में सीआरपीएफ कैंप, पुलिस कैंप, लोगों के घरों में पानी भर गया है। रास्ते ब्लॉक हैं। बिजली सप्लाई पूरी तरह से ठप है।

### दिल्ली में दो दिन में 11 की मौत, हरिद्वार में 11 कारें बहीं

दिल्ली में बीते दो दिन हुई बारिश में 11 लोगों की मौत हो गई। 29 जून को भी 6 शव बरामद किए गए। इसमें चार बच्चे, एक युवक और एक बुजुर्ग शामिल थे। वहीं, अक्क्टर की पार्किंग में पानी भर गया।

# जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने 30वें आर्मी चीफ का चार्ज लिया

## रिटायरमेंट से पहले जनरल मनोज पांडे को गार्ड ऑफ ऑनर, 26 महीने पद पर रहे

● तीनों सेनाओं के प्रमुख 62 साल की उम्र तक या तीन साल, इनमें से जो भी पहले हो, तब तक सेवा दे सकते हैं।

**नई दिल्ली।** जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने रविवार (30 जून) को नए आर्मी चीफ का चार्ज संभाला। जनरल द्विवेदी 30वें सेना प्रमुख हैं। वे इसी साल 19 फरवरी को वाइस चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ बने थे। आर्मी चीफ बनने पर द्विवेदी लेफ्टिनेंट जनरल से जनरल रैंक पर प्रमोट हुए हैं। भारत सरकार ने 11 जून की रात उन्हें आर्मी चीफ बनाने का ऐलान किया था। इससे पहले वे सेना के वाइस चीफ, नॉर्दर्न आर्मी कमांडर, डीजी इन्फेंट्री और सेना में कई अन्य कमांड के प्रमुख के रूप में काम कर चुके हैं। जनरल द्विवेदी ने आर्मी चीफ के तौर पर जनरल



मनोज पांडे की जगह ली है। जनरल मनोज पांडे आज ही रिटायर हुए हैं। लास्ट वर्किंग डे पर सेना की ओर से उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। वे 26 महीने तक आर्मी चीफ रहे।

### मनोज पांडे को एक महीने का एक्सटेंशन दिया था

रिटायर्ड जनरल मनोज पांडे 31 मई को रिटायर होने वाले थे। हालांकि, सरकार ने पिछले महीने उनका कार्यकाल एक महीने के लिए बढ़ा दिया था। 25 मई को उन्हें एक्सटेंशन देने की घोषणा हुई थी। आम तौर पर सेना में इस तरह के फैसले नहीं लिए जाते। इस कदम से अटकलें लगाई जाने लगी थीं कि जनरल द्विवेदी को सेना की टॉप पोस्ट के लिए नजर अंदाज किया जा सकता है। लेकिन सरकार के ऐलान के साथ ही इन सभी अटकलों पर विराम लग गया।

### जनरल द्विवेदी ने सैनिक स्कूल रीवा से पढ़ाई की

जनरल उपेंद्र द्विवेदी मध्य प्रदेश के निवासी हैं। उन्होंने सैनिक स्कूल रीवा में पढ़ाई की और जनवरी 1981 में राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में शामिल हो गए। उन्हें दिसंबर 1984 में जम्मू और कश्मीर राइफल्स की 18वीं बटालियन में नियुक्त किया गया था।

उन्होंने बाद में कश्मीर घाटी और राजस्थान के रेगिस्तान में कमान संभाली। जनरल द्विवेदी परम विशिष्ट सेवा पदक, अति विशिष्ट सेवा पदक और तीन जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चार्ज प्रशस्ति कार्ड से सम्मानित हो चुके हैं।

### जनरल द्विवेदी के अपॉइंटमेंट में फॉलो किया गया सीनियरिटी कॉन्सेप्ट

जनरल द्विवेदी को चीफ ऑफ आर्मी बनाने में सरकार ने सीनियरिटी कॉन्सेप्ट फोटो किया। इस वक्त आर्मी में जनरल द्विवेदी के बाद सबसे सीनियर अफसर दक्षिणी सेना कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल अजय कुमार सिंह हैं। जनरल द्विवेदी और लेफ्टिनेंट जनरल अजय कुमार सिंह, दोनों को 30 जून को रिटायर होना था। तीनों सेनाओं के प्रमुख 62 साल की उम्र तक या तीन साल, इनमें से जो भी पहले हो, तब तक सेवा दे सकते हैं। हालांकि, लेफ्टिनेंट जनरल रैंक के अधिकारियों की रिटायरमेंट एज 60 साल है, जब तक कि अधिकारी को फोर स्टार रैंक के लिए अप्रूव नहीं किया जाता है।

# सीएम से सम्मानित हुई गाजियाबाद की रिद्धिमा

## सीबीएसई बोर्ड 12वीं में राष्ट्रीय स्तर पर पाया तीसरा स्थान, योगी ने दिया चेक और टेबलेट

- सीबीएसई बोर्ड 12वीं में प्राप्त किये 99.6% प्रतिशत अंक



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सीबीएसई बोर्ड 12वीं में 99.6% प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली गाजियाबाद की रिद्धिमा टकियार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में सम्मानित किया। शनिवार को लखनऊ के लोकभवन में आयोजित हुए कार्यक्रम में रिद्धिमा को एक लाख रुपए का चेक, गोल्ड मेडल, प्रशस्ति पत्र और टेबलेट दिया गया।

रिद्धिमा गाजियाबाद में राकेश मार्ग स्थित गुलमोहर एन्क्लेव की रहने वाली हैं। उन्होंने सीबीएसई बोर्ड 12वीं में जिले में प्रथम और राष्ट्रीय स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त किया था। इस मौके पर बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह और माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाबो देवी भी मौजूद रहे। रिद्धिमा की उपलब्धि से पूरी सोसाइटी में खुशी का माहौल है।

रिद्धिमा ने केडीबी पब्लिक स्कूल से अपनी 12वीं की पढ़ाई पूरी की है। रिद्धिमा के पिता विश्वजीत टकियार का 2019 में ही निधन हो चुका है। जिसके बाद उनकी मां रजनी और बड़ी बहन इशिता ने रिद्धिमा की पूरी जिम्मेदारी उठाई।

सम्मानित होने के बाद रिद्धिमा ने कहा कि पापा के जाने के बाद मां और दीदी ने मुझे कभी टूटने नहीं दिया। आज उनके सहयोग से ही मैं यहां तक पहुंची हूं। रिद्धिमा ने बताया कि वह एक मनोवैज्ञानिक बनना चाहती हैं।

# मोदीनगर में होटल को किया गया सील

## छात्रा से रेप के बाद जीडीए ने की कार्रवाई

### महिला संगठन ध्वस्त करने की उठा रहे मांग

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** मोदीनगर में बिना नक्शा पास कराए बने क्यूब होटल को गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने सील कर दिया। इसी होटल में 13 साल की बालिका के साथ रेप किया गया था। होटल को ध्वस्त करने की मांग को लेकर महिला संगठनों ने आंदोलन चला रखा है।



#### महिला संगठन ने कार्रवाई की उठाई मांग

बता दें, नगर की एक कॉलोनी निवासी 13 वर्षीय की छात्रा ने रेप से आहत होकर आत्महत्या कर ली थी। महिला संगठन की कार्यकताओं कई बार ने होटल को ध्वस्त करने की मांग को लेकर मोदीनगर तहसील पर प्रदर्शन कर उप जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया था।

होटल संचालक के खिलाफ शहर के लोगों में गुस्सा बढ़ता ही जा रही है। होटल मोदीनगर तहसील में संविदा कर्मचारी गौतम कुमार की पत्नी शारदा के नाम है।

#### जीडीए से होटल का नक्शा नहीं था पास

जीडीए के प्रवर्तन जोन दो की प्रभारी कनिका कौशिक, सहायक अभियंता योगेश कुमार, अवर अभियंता सुनील कुमार के साथ होटल पर पहुंची और उसे सील कर दिया। उन्होंने बताया, 150 स्क्वायर मीटर एरिया में होटल बना हुआ है। जीडीए से होटल का नक्शा पास नहीं कराया गया है। उनका कहना है कि आगे की कार्रवाई जांच के बाद की जाएगी।

# नंदग्राम मंडल में सरदार एस पी सिंह ने सुनी मन की बात और किया पौधरोपण



**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** नन्दग्राम मंडल में महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा के निर्देश पर व मंडल अध्यक्ष पंकज राय के संयोजन में मंडल कार्यकर्ताओं द्वारा प्रधानमंत्री के की मन की बात कार्यक्रम को सुना गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व महानगर संयोजक सरदार एस पी.सिंह व विशिष्ट अतिथि महानगर उपाध्यक्ष सुखदेव त्यागी रहे। मोदीजी के मन की बात को वार्ड नंबर 13 के बूथ संख्या 1012 पर नन्दग्राम मंडल सेक्टर संयोजक भूपेंद्र सिंह चौधरी के आवास पर सुना गया। इस अवसर पर एक वृक्ष मां के नाम पर वृक्षारोपण का प्रोग्राम भी किया गया जिसमें मुख्य अतिथियों द्वारा पौधरोपण भी किया गया। पौधरोपण में सरदार एसपी सिंह, सुखदेव त्यागी, कुलवंत सिंह, अजय सिंह बिट्टा, पवन तिवारी, राजेश दुबे, ओम प्रकाश पत्रकार, संजय प्रजापति, नरेश कुमार, केके शुक्ला, पुष्पेंद्र और अन्य भाजपा के प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जनप्रतिनिधियों के साथ आम नागरिकों ने भी सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कविनगर के पार्षद शिवम शर्मा के निवास पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मासिक कार्यक्रम मन की बात सुनते हुए पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल, पूर्व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री बलदेव राज शर्मा, भाजपा के वरिष्ठ नेता नवेन्दु सक्सेना, पूर्व पार्षद विपुल शर्मा, विजय कुमार शर्मा एडवोकेट, रचना अग्रवाल, भाजपा मंत्री कवि नगर मंडल देवेंद्र पाल कौशिक, उपाध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद, समाजसेवी, अनिल सावंरिया सहित वार्ड के अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# राजनेता राष्ट्रनीति पर चर्चा करें : एमएस बिट्टा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आतंकवाद विरोधी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एम एस बिट्टा रविवार को वरिष्ठ अधिवक्ता, समाजसेवी एवं प्रदेश अध्यक्ष हरप्रीत सिंह जग्गी के निवास पर उनके माता पिता के स्वास्थ की जानकारी लेने पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज हमें राष्ट्र की नीति पर चर्चा करनी चाहिए नाकि जाति धर्म भाषा की, राष्ट सर्वोपरि है परन्तु आज सभी राजनीतिक दल जाति धर्म की राजनीति कर रहे हैं जो कि दुर्भाग्यपूर्ण है। जनता को जागरूक होकर समझना होगा, देश की उन्नति के लिए सभी को साथ लेकर चलना है बिट्टा ने सभी को एकजुट होकर देश की उन्नति में सहायक होने का संदेश दिया। इस अवसर पर हरप्रीत सिंह जग्गी एवं के दयाल सिंह जग्गी परिवार सहित उपस्थित रहे।

# उर्स मेले में बार अध्यक्ष ने किया निशुल्क कानूनी सलाह कैम्प का उद्घाटन, अधिवक्ताओं को किया गया सम्मानित







**मुरादनगर, करंट क्राइम।** हिंदू मुस्लिम एकता के प्रतीक हजरत मोहम्मद मुराद गाजी रहमतुल्लाह अलेह की याद में चल रहे 358 वें उर्स मेला में तृतीय निःशुल्क कानूनी सलाह कैम्प का उद्घाटन मुख्य अतिथि राकेश त्यागी केली अध्यक्ष बार एसोसिएशन ने फीता काट कर किया। उर्स मेला कमेटी ने राकेश त्यागी केली को स्मृति चिन्ह देकर और शाल ओड़ाकर सम्मानित किया। इस दौरान राकेश त्यागी ने कहा कि मुरादनगर दूर-दूर तक हिंदू मुस्लिम एकता के रूप में जाना जाता है, सभी प्रेमभाव के साथ एक दूसरे से कंधे से कंधा मिलाकर साथ चलें। मेले में निशुल्क कानूनी सलाह कैंप का सभी को लाभ उठाना चाहिए, इस कैंप में अधिवक्ता बैठकर आपकी समस्याएं सुनकर उसका समाधान करने का पूरा प्रयास करेंगे

उर्स मेला प्रभारी और चेयरमैन ओथ कमिश्नर एडवोकेट नाजिम पठान ने बताया कि हर वर्ष लोगों की समस्याओं को देखते हुए उर्स मेले में निःशुल्क कानूनी सलाह कैंप का आयोजन किया जाता है, यह तृतीय कैंप है। इस दौरान बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश त्यागी केली सहित अधिवक्ताओं को भी सम्मानित किया गया। कैंप लगाने पर मेला व्यवस्थापक हमीद पठान ने सभी का स्वागत कर आभार प्रकट किया। इस दौरान योगेन्द्र कौशिक पूर्व अध्यक्ष, विजय गौड़ पूर्व सचिव, अखिल त्यागी पूर्व कनिष्ठ उपाध्यक्ष, संजय त्यागी, अमित नेहरा, विनोद चौहान पूर्व चेयरमैन, साजिद गाजी, जल्लो एडवोकेट, अजहर मिर्जा, मैनुद्दीन, रहीसुद्दीन, साजिद अर्थला, सिराज, शाहनवाज, पंकज राणा, संदीप चौधरी, सन्नवर, शाहरुख खान, सबीर वाहिदी, धीरज शर्मा, सुमित, रवि सैनी, फतेह मोहम्मद, जमशेद खान, मास्टर बाबू, हुसैन पठान, जावेद खान, आदि मौजूद रहे।

# नगर आयुक्त को मरकज मस्जिद की बंद सीवर लाइन से अवगत कराया



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** वार्ड-95 कैला भटटा के पूर्व पार्षद जाकिर अली सैफी ने नगर अयुक्त को पत्र लिखकर मरकज मस्जिद की बंद सीवर लाइन के बारे में अवगत कराया है। पत्र में जाकिर अली सैफी ने कहा है कि कैला भट्टा मैने रोड की लाइन बंद होने के कारण गली नम्बर 2 व 3 में लगे 5 एच पी के नलकूपों में सीवर का गंदा पानी जा रहा है। मैनहाल के अंदर प्लास्टर ना होने से मैनहाल लीक हो चुके हैं जिससे नलकूपों में पानी जा रहा ह, साथ ही मुख़्तार होटल के पास लाइन बंद होने के कारण भी पानी भर रहा है। उन्होंने नगर आयुक्त से जल्द समस्या के समाधान की मांग की है।

# श्रीदूधेश्वर मंदिर के पास साफ-सफाई व प्रकाश व्यवस्था कराने की मांग

गाजियाबाद, करंट क्राइम। वार्ड-95 के पूर्व पार्षद जाकिर अली सैफी ने नगर आयुक्त को पत्र लिखकर प्राचीन ऐतिहासिक श्रीदूधेश्वर मठ मंदिर के आसपास सीवर की सफाई, टूटी सड़कों की मरम्मत, पथ प्रकाश व्यवस्था, मोबाइल शौचालय आदि की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की है। पत्र में जाकिर सैफी ने कहा है कि आज से आगामी 10 जुलाई तक श्रीदूधेश्वरनाथ मंदिर में संत सनातन कुंभ का आयोजन किया जा रहा है, इसके साथ ही मंदिर में राम कथा कराई जायेगी, जिसमें देश विदेश से साधु-संत, महात्मा सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालु सम्मलित होंगे। जाकिर अली सैफी ने पत्र में कहा है चूंकि नगर धार्मिक आयोजन आज से शुरू हो चुके हैं इसलिए मंदिर और मंदिर के आसपास उपरोक्त सभी व्यवस्थाएं जल्द कराना सनिश्चित करें।




# पुलिस को कांवड़ में भी होना होगा पास

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टमा गाजियाबाद के लिए इस बार कांवड़ यात्रा का दूसरा आयोजन जुलाई माह के अंतिम से अगस्त तक रहने वाला है। सूत्र बता रहे हैं कि अभी आयोजन को बहुत दिन हैं लेकिन अभी से ही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम के शीर्ष अधिकारियों और संबंधित जिम्मेदारी संभालने वालों की तैयारी का दौर शुरू हो गया है। सुनने में आया है कि जिस वक्त टीम इंडिया जीत के जश्न को लेकर मैदान पर आर–पार की लड़ाई लड़ रहे थे, उस दौरान कमिश्नरेट के एक ऑफिस में कांवड़ यात्रा की प्लानिंग वाली मीटिंग चल रही थी। मीटिंग में एसीपी स्तर, एडीसीपी, डीसीपी व एडिशनल सीपी के साथ ही शीर्ष अधिकारी शामिल किए गए थे। बैठे में कैमरों की मॉनिटरिंग से लेकर एलईडी के पॉइंट और रूट डायवर्जन से लेकर शहर को जाम से बचने का प्लान बनाया गया है। इसी के साथ महिला पुलिस कर्मियों की बड़ी संख्या में मंदिर और उसके आसपास ड्यूटी पूरे कमिश्नरेट के अंतर्गत आने वाले सभी छोटे बड़े शिव मंदिरों की सूची के साथ ही वहां पुलिस बल की तैनाती और सुरक्षा इंतजामों को लेकर लंबी बैठक चली थी। पुलिस मिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं की बैठकों का दौर शनिवार की रात के साथ–साथ रविवार को भी कमिश्नरेट पुलिस के अधिकारियों के बीच चला है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कांवड़ यात्रा को लेकर इस बार अधिक फोकस रहने वाला है। वैसे भी रविवार को प्रदेश वाले प्रमुख पुलिस अधिकारी ने सभी कमिश्नरेट और जिलों के कप्तानों से लेकर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। वहीं बीते कुछ समय पहले ही लोकसभा का चुनाव हुआ है। लोकसभा का चुनाव के बाद राजनीतिक समीकरण बदले हैं। तो भैया जी का दल भी मजबूती से आया है और ताकत दिखा रहा है। अब पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद को कांवड़ वाले टेस्ट में भी पास होना होगा। वैसे भी कांवड़ यात्रा को लेकर गाजियाबाद हमेशा से महत्वपूर्ण स्थान रहा है। सुबह के मुख्यमंत्री से लेकर अन्य अधिकारियों की यहां नजर रहती है। साथ ही एनसीआर का प्रमुख शहर होने की वजह से यहां पर अधिक फोकस भी रहता है। वहीं हरियाणा, राजस्थान से लेकर दिल्ली वालों से लेकर पश्चिम को कांवड़ के साथ यहीं से निकलते हैं। ऐसे में पुलिस कमिश्नरेट के अधिकारियों की चिंता इसीलिए समय से पूर्व हो गई है ताकि ऑन टाइम टेंशन वाला सीन क्रिएट ना हो।



# नए कानून की प्लानिंग को लेकर कमिश्नरेट में हुई मैराथन मीटिंग, पहले गर्म तो फिर नरम हुए हालात



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** रविवार को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में आज 1 जुलाई से लागू हो रहे तीन नए कानून सफलता पूर्वक लागू कराने के लिए पुलिस कमिश्नरेट के शीर्ष अधिकारियों से लेकर थाना प्रभारी स्तर के स्टाफ के साथ पुलिस अधिकारियों की बैठक हुई। रविवार को पुलिस लाइन में हुई इस मैराथन बैठक में को करीब 11 से लेकर 6 बजे के आसपास तक कई तरह की प्लानिंग और चर्चा की गई। सूत्र बता रहे हैं की बैठक में शुरू में अधिकारियों का रवैया गर्म था, तो बैठक समाप्त होते होते मसला नरम हो गया।

बताया जा रहा है की बैठक में पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर सभी राजपत्रित अधिकारी एवं सभी थाना प्रभारियों ने भाग लिया। कार्यशाला के दौरान एसीपी कार्यालय द्वारा ई-साक्ष्य एप एवं एनसीआरबी संकलन एप के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। तो वहीं इसी क्रम में विधि विज्ञान प्रयोगशाला के उपनिदेशक डॉ. राजेंद्र सिंह द्वारा नए कानून के क्रियान्वे के संबंध में साक्ष्य संकलन, घटना स्थल की फोटो, वीडियोग्राफी, डीएनए सैंपलिंग, नारकोटिक्स एवं ड्रग सस्पेंस के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

#### पुलिस अधिकारियों को नए कानून से कराया गया अवगत

करंट क्राइम :वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी अखिलेश कुमार एवं सहायक अभियोजन अधिकारी मुकेश मिश्रा व रवि गुप्ता द्वारा नए कानून भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के क्रियान्वन पर पुलिस के अधिकारियों के सामने विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई। इसके साथ ही नए कानून लागू होने पर प्रावधानों, प्रक्रियाओं के विस्तार पूर्वक अवगत कराया गया। जीरो–एफआईआर और ई–एफआईआर के बारे में भी इस दौरान जानकारी दी गई।

#### वर्दी और कैप को लेकर मामला हुआ था टाइट

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में रविवार को नए कानून की समझने और क्रियान्वयन को लेकर बैठक हुई। सूत्र बता रहे हैं की बैठक में कुछ पुलिस अधिकारी वर्दी में पहुंचे थे, उसको लेकर एक अधिकारी नाराज हुए, तो वहीं टोपी समय पर न उतारने का मामला भी बैठक के बाद चर्चा का विषय बना रहा। कुल मिलाकर मैराथन चली बैठक में खाने पीने की व्यवस्था की चर्चा सामने आई है।

# विश्व धर्म संसद की वेबसाइट का उदघाटन, अखाड़ा परिषद महामंत्री बोले- मानवता की रक्षा ही लक्ष्य, इसके लिए बलिदान भी दे देंगे



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद के शिवशक्ति धाम डासना में 17-21 दिसंबर-2024 को होने वाली विश्व धर्म संसद की अधिकारिक वेबसाइट का रविवार को उदघाटन हुआ। अब ये धर्म संसद अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद व श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़े के मार्गदर्शन और संरक्षण में होगी। अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्र पुरी ने इस आयोजन को अपना समर्थन दे दिया है।

माया देवी मंदिर में रविवार को हुए एक कार्यक्रम में अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमहंत रविन्द्र पुरी, महामंत्री श्रीमहंत हरि गिरी, अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमहंत प्रेम गिरी, मंत्री महेश पुरी, मंत्री शैलेन्द्र गिरी, स्वामी महाकाल गिरी, थानापति हीरा भारती ने संयुक्त रूप से विश्व धर्म संसद की अधिकारिक वेबसाइट का उदघाटन किया। इस वेबसाइट से धर्म संसद की सभी गतिविधियों को दुनियाभर में देखा जा सकेगा। इस मौके पर पर विश्व धर्म संसद की मुख्य संयोजक डॉ. उदिता त्यागी, श्री अखण्ड परशुराम अखाड़े के अध्यक्ष पंडित अधीर कौशिक, राजू सैनी व प्रवीण महादेव भी उपस्थित रहे।

#### आने वाली पीढ़ियों को सर्वोच्च बलिदान देना सिखाएंगे

इस अवसर पर श्रीमहंत हरि गिरी महाराज ने कहा कि शिव शक्ति धाम डासना गाजियाबाद में 17 से 21 दिसंबर 2024 तक होने वाली विश्व धर्म संसद श्रीपंच दशनाम जूना अखाड़े के मार्गदर्शन और संरक्षण में आयोजित की जाएगी। यह विश्व धर्म संसद सम्पूर्ण मानवता की रक्षा के लिए आयोजित की जा रही है। ये सनातन धर्म के सभी अखाड़ों का सबसे प्रमुख लक्ष्य है। आदि जगदगुरु शंकराचार्य जी महाराज ने इसी लक्ष्य के लिए अखाड़े का निर्माण किया था। उन्हीं के द्वारा संन्यासियों को सनातन धर्म व मानवता की रक्षा का आदेश दिया गया था। इस लक्ष्य के लिए हमे अपने जीवन का भी बलिदान देना पड़े तो हम प्रसन्नता से देंगे और आने वाली पीढ़ियों को सनातन धर्म और मानवता की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान देना सिखाएंगे। श्रीमहंत हरि गिरी ने विश्व धर्म संसद के अस्थाई कार्यालय के लिए ऋषिकेश में एक भवन आयोजन समिति को दिया है। साथ ही उन्होंने स्थायी कार्यालय के लिए स्थान की व्यवस्था करने का भी आश्वासन आयोजन समिति को दिया है।

# प्रधानमंत्री का मन की बात कार्यक्रम हमारी अपनी आवाज होती है: नरेंद्र कश्यप





गाजियाबाद, करंट क्राइम। लोकसभा चुनाव खत्म होने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दोबारा से अपना पसंदीदा कार्यक्रम मन की बात शुरू कर दिया है। रविवार को मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण किया गया। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप ने भारतीय जनता पार्टी के पार्षद अमित त्यागी के आवास वार्ड नंबर 47 बूथ संख्या 449 पर प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुना। सुना। इस दौरान मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री का कार्यक्रम हम सबकी अपनी आवाज होता है। यह समाज और पूरे भारत को नई दिशा देने वाला होता है।

#### पौधे ही हमारे जीवन की ऑक्सीजन हैं : नरेंद्र कश्यप :

**करंट क्राइम।** भारतीय जनता पार्टी के ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप ने रविवार को शास्त्री नगर डी ब्लॉक पार्क में पौधरोपण किया।

पौधरोपण कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि पौधे ही हमारे जीवन में सबसे बड़ी ऑक्सीजन देने का काम करते हैं, इसीलिए सरकार की मंशा है कि अधिक से अधिक पौधे लगाए जाएं और वायु प्रदूषण के साथ-साथ पर्यावरण का संतुलन भी बनाया जाए। इस दौरान मंत्री नरेंद्र कश्यप ने लोगों से अपने घरों के आसपास भी पौधे लगाने और हरियाली को बढ़ावा देने की अपील की।

#### नागरिकों और पार्टी के लोगों ने किया नरेंद्र कश्यप का स्वागत

अपने गृह जनपद में प्रवास के दौरान प्रदेश सरकार में स्वतंत्र प्रभार मंत्री नरेंद्र कश्यप ने जहां प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुना वहीं पौधरोपण कार्यक्रम में भी भाग लिया। इस दौरान स्थानीय लोगों ने उनका स्वागत किया और मंत्री नरेंद्र कश्यप ने भी लोगों से मुलाकात की। भाजपा पार्षद दल के सचेतक व क्षेत्रीय पार्षद अमित त्यागी, ओबीसी मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विजय धामा, मंडल अध्यक्ष राहुल तोमर, पूर्व किसान मोर्चा क्षेत्रीय मंत्री साहब सिंह सिरोही, पार्षद प्रत्याशी वीरेंद्र वाल्मीकि, मंडल महामंत्री अशोक राव, मंडल कार्यालय मंत्री धर्मपाल सिंह, ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष सुधीर सिंह, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष विवेक नागर, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष संदीप शर्मा, सहकारिता प्रकोष्ठ मंडल संयोजक डीसी त्यागी, श्रम प्रकोष्ठ मंडल संयोजक भोपाल सिंह, पूर्व क्षेत्रीय आईटी विभाग सदस्य दिलीप सक्सेना, वार्ड अध्यक्ष अतरपाल कौशिक, वार्ड सचिव कशिश मित्तल, सेक्टर संयोजक राकेश शर्मा, मोहित पांचाल, आराध्य पचौरी, तरुण गुप्ता, बूथ अध्यक्ष देवेंद्र सिरोही, जेपी गौड़, केएस परिहार, जितेंद्र पालीवाल, प्रमोद त्यागी, अंकित त्यागी, अश्वनी गोयल, अभिषेक सिंघल, युवा मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष अभिनव शर्मा, यश भारद्वाज, सतेंद्र सिंह मौजूद रहे।

# उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल का महोत्सव सम्पन्न





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल का 21वां प्रांतीय निर्वाचन महोत्सव महाराजा अग्रसेन विद्यालय मोती नगर, लखनऊ में संपन्न हुआ। महोत्सव में बनवारी लाल कंछल प्रांतीय अध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित हुए। वरिष्ठ महामंत्री पद पर रमेश अग्रहरि का निर्वाचन निर्विरोध हुआ।

इनके अलावा गाजियाबाद से जिला अध्यक्ष राम किशोर अग्रवाल प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष, महानगर अध्यक्ष गोपीचंद प्रांतीय उपाध्यक्ष पद पर, महानगर महामंत्री अशोक चावला प्रांतीय संयुक्त महामंत्री, संजय गुप्ता (मोदी नगर) संयुक्त महामंत्री, नीरज गुप्ता प्रांतीय मंत्री, केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष राजदेव त्यागी को प्रांतीय युवा महामंत्री निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया।

# टी20 विश्वकप : कई वैश्विक नेताओं ने भारत को दी शानदार जीत की बधाई



**विशेष।** भारत ने दक्षिण अफ्रीका को सात रनों से हराकर आईसीसी टी20 विश्वकप का खिताब अपने नाम कर लिया। विश्व कप में शानदार जीत पर कई वैश्विक नेताओं ने भारत को जीत की बधाई दी। श्रीलंका के विदेश मंत्री अली साबरी ने कहा भारत ने दबाव में भी शानदार प्रदर्शन किया है। वहीं, इस्राइली राजदूत नाओर गिलोन भी भारत की जीत को ऐतिहासिक उपलब्धि बताया।

श्रीलंका के विदेश मंत्री साबरी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर लिखा, 'बधाई हो भारत! दबाव में शानदार प्रदर्शन!'। साबरी ने आगे लिखा, भारत ने 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी के बाद पहला आईसीसी खिताब जीता है। इस जीत के साथ भारत ने 11 साल के आईसीसी ट्रॉफी के सूखे को समाप्त कर दिया है। इस्राइली राजदूत गिलोन ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा, चक दे



इंडिया। टीम इंडिया को टी20 विश्व कप 2024 में शानदार जीत के लिए बधाई। उन्होंने आगे लिखा कि वास्तव में यह ऐतिहासिक उपलब्धि है।

टी20 विश्व कप के फाइनल में पहले बल्लेबाजी करते हुए 176 रन बनाए। 177 रनों का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की टीम को शुरूआत में ही तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह ने विकेट लेकर झटके दिए, जिससे दक्षिण अफ्रीका की टीम की शुरूआत खराब रही। बुमराह ने जहां रीजा हेंड्रिक्स को चार रन पर आउट किया, वहीं अर्शदीप ने कप्तान एडेन मार्करम को भी चार रन के स्कोर पर चलता कर दिया। मार्करम का विकेट के पीछे खड़े तेजतर्रार विकेटकीपर ऋषभ पंत ने कैच पकड़ा। दोनों झटकों के बाद ट्रिस्टन स्टब्स और क्विंटन डी कॉक भारतीय स्पिनर कुलदीप यादव और अक्षर पटेल पर भारी पड़ते दिखाई दिए।

**ऐतिहासिक जीत पर सत्या नडेला, सुंदर पिचाई ने दी बधाई**

टी20 विश्व कप जीतने पर टेक दिग्गज सत्या नडेला, सुंदर पिचाई और अन्य ने भी शनिवार को भारत को जीत की बधाई दी। अल्फाबेट और गूगल के सीईओ पिचाई ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, क्या खेल है। वह सब कुछ जो खेल को अविश्वसनीय बनाता है, अविश्वनीय था। भारत को बधाई। माइक्रोसॉफ्ट के अध्यक्ष और सीईओ नडेला ने कहा, क्या फाइनल है। बधाई हो, भारत और अच्छा खेला दक्षिण अफ्रीका। इस बीच, महिंद्रा ग्रुप के चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने चैटजीपीटी से भारतीय क्रिकेट टीम को सुपरहीरो के रूप में दिखाने वाली एक ग्राफिक छवि बनाने के लिए कहा। महिंद्रा ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, वह अंत तक सुपरकूल थे। भारत के लिए इस फाइनल का सबसे बड़ा उपहार यह था कि यह आसान नहीं था।



## चुनावी माहौल के बीच लंदन के नेसडेन मंदिर पहुंचे पीएम सुनक

**लंदन।** ब्रिटेन में प्रधानमंत्री पद के लिए इस साल चुनाव होने हैं। ऐसे में सभी राजनीतिक दल जमकर प्रचार कर रहे हैं। इसी क्रम में प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और उनकी पत्नी अक्षता मूर्ती ने लंदन के प्रतिष्ठित बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर में पूजा-अर्चना की। बता दें, यह मंदिर नेसडेन मंदिर के नाम से जाना जाता है।

**दंपती का जोरदार हुआ स्वागत :** शनिवार शाम जब काफिला भव्य मंदिर के मैदान में पहुंचा और पुजारियों ने पूजा करने के लिए बुलाया तो दंपती का जोरदार स्वागत किया गया।

मंदिर परिसर का दौरा करने और वहां मौजूद स्वयंसेवकों और सामुदायिक नेताओं से बातचीत करने के बाद सुनक ने भारत के टी20 वर्ल्ड कप जीतने की संभावना जताई। साथ ही अपनी आस्था से मिलने वाली प्रेरणा के बारे में बताया।

**मैं एक हिंदू :** उन्होंने कहा, 'मैं एक हिंदू हूं और आप सभी की तरह मुझे भी अपनी आस्था से प्रेरणा और उम्मीद मिलती है।' उन्होंने आगे कहा, 'मुझे गर्व है कि मैंने संसद का सदस्य बनने पर भगवद गीता की कसम खाई थी। हमारा विश्वास हमें अपना कर्तव्य करना सिखाता है। जब तक कोई इसे ईमानदारी से करता है तब तक उसे परिणाम के बारे में चिंता नहीं होती है।'

**मुझे पहला ब्रिटिश एशियाई प्रधानमंत्री होने पर गर्व :** चुनाव अभियान के दौरान एक दूर-दराज रिफॉर्म यूके कार्यकर्ता द्वारा उन पर नस्लवादी हमला करने के हालिया विवाद की ओर इशारा करते हुए, ब्रिटिश भारतीय नेता ने देश की बहु-विश्वास साख पर जोर दिया। उन्होंने कहा, 'मुझे पहला ब्रिटिश एशियाई प्रधानमंत्री होने पर गर्व है, लेकिन मुझे और भी गर्व है कि यह कोई बड़ी बात नहीं है।

पिछले कुछ दिनों की घटनाओं से हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि यूनाइटेड किंगडम दुनिया का सबसे सफल बहु-जातीय, बहु-विश्वास लोकतंत्र है और हम सभी को इसके उत्थान के बारे में सोचना चाहिए।'



### मेरे माता-पिता ने यही सिखाया

सुनक ने यह भी कहा, 'मुझे प्यार करने वाले मेरे माता-पिता ने मुझे इसी पर विश्वास करना सिखाया है। इसी तरह मैं अपना जीवन जीता हूं और यही मैं अपनी बेटियों को देना चाहता हूं। यह धर्म ही है जो सार्वजनिक सेवा के प्रति मेरे दृष्टिकोण में मेरा मार्गदर्शन करता है।' सुनक ने अपने माता-पिता और अपनी सास सुधा मूर्ति के काम को परोपकारी बताया। इसके अलावा उन्होंने कहा, 'मेरी पत्नी मेरा सबसे बड़ा सहारा है। साथ ही सार्वजनिक सेवा के लिए प्रतिबद्ध हैं।'

## संयुक्त राष्ट्र की चिंता पर भड़की तालिबान सरकार
## 'अफगान महिलाओं का अधिकार हमारा आंतरिक मुद्दा'

**काबुल।** संयुक्त राष्ट्र की बैठक से पहले ही तालिबान प्रशासन भड़क गया है। दरअसल, महिलाओं के विरुद्ध भेदभाव के उन्मूलन पर संयुक्त राष्ट्र समिति (सीईडीएडब्ल्यू) ने हाल ही में अफगानिस्तान के भविष्य पर आयोजित हो रही बैठक में महिलाओं व लड़कियों को शामिल ना किए जाने पर गहरी चिंता जताई थी। अब इस पर तालिबान प्रशासन की प्रतिक्रिया आई है। उसका कहना है कि अफगानिस्तान की महिलाओं के अधिकारों की मांग एक आंतरिक मुद्दा है।

**कतर में होगी बातचीत :** बता दें, अगस्त 2021 में अफगानिस्तान की सत्ता पर तालिबान की वापसी के बाद देश में महिलाओं व लड़कियों के मानवाधिकारों पर गहरा संकट उपजा है। इसे संयुक्त राष्ट्र ने जेंडर रंगभेद के रूप में दशार्या



है। वहीं, आज कतर में शुरू होने वाली तीसरे दौर की बातचीत में तालिबान सरकार अपना पहला प्रतिनिधिमंडल भेजेगा।

**इन मुद्दों की निंदा :** आधिकारिक वार्ता के बाद, महिला अधिकार समूहों सहित नागरिक समाज के प्रतिनिधि मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय राजनयिकों और संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों के साथ बैठकों में भाग लेंगे। अधिकार समूहों ने मुख्य बैठकों से अफगान महिलाओं के नहीं होने और एजेंडे में मानवाधिकारों के मुद्दों की कमी की निंदा की है।

**तालिबान प्रशासन ने कही ये बात :** वहीं, सरकार के प्रवक्ता और प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने वाले जबीहुल्ला मुजाहिद ने काबुल में पत्रकारों से कहा कि तालिबान प्रशासन महिलाओं के मुद्दों को स्वीकार करते हैं। मगर यह मुद्दे अफगानिस्तान के हैं। हम अफगानिस्तान के भीतर महिलाओं से जुड़े मामले का समाधान करने के लिए एक सही रास्ता ढूंढ रहे हैं, ताकि हमारे देश को फिर से संघर्ष और हिंसा न देखना पड़े।

उन्होंने कहा कि तालिबान सरकार बैठकों में पूरे अफगानिस्तान का प्रतिनिधित्व करेगी। उन्होंने आगे कहा, 'अगर अफगान कई चैनलों के माध्यम से भाग लेते हैं, तो इसका मतलब है कि हम अभी भी बिखरे हुए हैं, हमारा राष्ट्र अभी भी एकजुट नहीं है।'

**बैठक में शामिल होने के लिए इस शर्त पर माने :** गौरतलब है, तालिबान अधिकारियों को पिछले साल दोहा में पहली वार्ता में आमंत्रित नहीं किया गया था।

## आत्मघाती हमलों से दहला नाइजीरिया, 18 की मौत

**नाइजीरिया।** पूर्वोत्तर नाइजीरिया में तीन आत्मघाती हमले हुए। इन तीन आत्मघाती हमलों में कम से कम 18 लोग मारे गए और 19 गंभीर रूप से घायल हुए।

बोको हराम के आतंकवादियों ने 2014 में ग्वोजा पर कब्जा कर लिया था, जब समूह ने उत्तरी बोर्नो के बड़े हिस्से पर कब्जा कर लिया था। 2015 में चाड की सेना की मदद से नाइजीरियाई सेना ने इस शहर पर पुनः कब्जा कर लिया था, लेकिन तब से समूह ने शहर के पास के पहाड़ों से हमले जारी रखे हैं। बता दें कि हिंसा के कारण नाइजीरिया के उत्तर पूर्व में 40,000 से अधिक लोग मारे गए हैं, लगभग 20 लाख लोग विस्थापित हुए हैं। यह संघर्ष पड़ोसी देशों नाइजर, कैमरून और चाड तक फैल चुका है। इसके कारण ही उग्रवादियों से लड़ने के लिए एक क्षेत्रीय सैन्य संगठन का गठन किया गया है। ग्वोजा शहर में हुए तीन आत्मघाती विस्फोट हुए। पहला हमला एक में अपनी पीठ पर बच्चे को बांधे महिला ने किया। हमलावर महिला ने एक शादी समारोह में विस्फोटकों से विस्फोट किया।

दूसरा हमला कैमरून के सीमावर्ती शहर में एक अस्पताल में हुआ। वहीं तीसरा हमला शादी में हुए हमले में मरे लोगों के अंतिम संस्कार के दौरान हुआ।

बोर्नो राज्य आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी के अनुसार हमलों में 18 लोगों की मौत हुई है, वही 42 लोग घायल हुए हैं।

## हिंदू मतदाताओं को लुभाने में जुटी लेबर पार्टी
## भारत-विरोधी भावनाएं खत्म करने की खाई कसम

**लंदन।** ब्रिटेन में 4 जुलाई को आम चुनाव के लिए मतदान होगा। सभी राजनीतिक पार्टियां चुनाव प्रचार में जुटी हैं। ब्रिटेन में भारतीय मूल के और हिंदू मतदाताओं की अच्छी खासी संख्या को देखते हुए लेबर पार्टी इस वर्ग को लुभाने में जुटी है। यही वजह है कि लेबर पार्टी ने एलान किया है कि अगर वे सत्ता में आए तो वे देश से भारत-विरोधी भावना को खत्म करने की कोशिश करेंगे। साथ ही उन्होंने भारत के साथ मजबूत आर्थिक और रणनीतिक संबंध बनाने की भी पैरवी की।

**2019 के चुनाव में कश्मीर मुद्दे से लेबर पार्टी को हुआ था नुकसान :** लेबर पार्टी ने पूर्व में जेरेमी कोर्बिन के नेतृत्व में एक प्रस्ताव पास किया था, जिसमें कश्मीर मुद्दे पर अंतरराष्ट्रीय हस्तक्षेप का समर्थन किया गया था। पार्टी को लगता है कि इससे भारतीय मूल के मतदाता लेबर पार्टी से दूर हो गए और



2019 के आम चुनाव में पार्टी को इसका नुकसान उठाना पड़ा। लेबर पार्टी के कुछ सांसदों द्वारा खालिस्तान समर्थक विचारों का समर्थन करने का भी पार्टी को भारी पड़ा। लेबर पार्टी की नेता एनीलीस डोड्स ने कहा कि उनकी पार्टी किसी भी वर्ग के वोटों को हल्के में नहीं ले रही है और हर वोट पाने के लिए मेहनत कर रही है। उन्होंने कहा कि 'अगर देश में भारत विरोधी आंदोलन का कोई सबूत मिला तो यकीनन वे इसके खिलाफ कार्रवाई करेंगे।'

**कंजर्वेटिव पार्टी भी भारतीय मूल के लोगों को लुभाने में जुटी :** लेबर पार्टी के नेता कीर स्टर्मर ने हाल ही में ब्रिटेन में एक हिंदू मंदिर का भी दौरा किया और भारतीय मूल के लोगों की चिंताओं को दूर करने का वादा भी किया। हालांकि सत्ताधारी कंजर्वेटिव पार्टी भी भारतीय मूल के मतदाताओं को अपने पाले में रखने के लिए पूरा जोर लगा रही है। पार्टी की नेता और सुनक सरकार में मंत्री फैलिसिटी बुचन ने कहा कि उनकी पार्टी का ट्रैक रिकॉर्ड भारत समर्थित रहा है। 'भारत के साथ रिश्तों को हम बेहद अहमियत देते हैं।' उल्लेखनीय है कि ब्रिटेन में भारतीय मूल के करीब 18 लाख लोग रहते हैं और 4 जुलाई के चुनाव में इनकी भूमिका अहम रहेगी।

## सतत विकास लक्ष्यों को हासिल करने में दुनिया पीछे छूटी : यूएन

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र (यूएन) ने शुक्रवार को कहा कि दुनिया के सात अरब से ज्यादा लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए तय किए गए सतत विकास लक्ष्यों की दौड़ में दुनिया काफी पीछे छूट चुकी है।



169 लक्ष्यों में से अब 2030 तक दुनिया केवल 17 फीसदी लक्ष्य ही हासिल कर पाएगी। यूएन महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने वार्षिक रिपोर्ट जारी करते हुए कहा कि करीब आधे लक्ष्यों को लेकर ही कुछ प्रगति दिखाई देती है और केवल 17% लक्ष्य ही तय समय सीमा में हासिल होने की संभावना है। रिपोर्ट में कोरोना महामारी के प्रभावों का हवाला देते हुए कहा गया है कि 2019 की तुलना में 2022 में 2.3 करोड़ लोग गरीबी और 10 करोड़ से अधिक लोग भुखमरी की चपेट में आए।

गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लक्ष्य को हासिल करने में दुनिया अभी भी बहुत पीछे है। दुनिया मे केवल 58 फीसदी छात्र ही प्राथमिक विद्यालय स्तर पर पढ़ने में न्यूनतम दक्षता हासिल कर पाए हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि दुनिया ने स्वच्छ ऊर्जा के लक्ष्य पर खासी प्रगति की है। अक्षय ऊर्जा से बिजली पैदा करने की वैश्विक क्षमता पिछले पांच वर्ष से अभूतपूर्व 8.1 फीसदी वार्षिक दर से बढ़ रही है।

**युद्ध से बचाने की भी अपील :** गुटेरस ने कहा कि जलवायु परिवर्तन से निपटने और हरित व डिजिटल बदलावों की दिशा में ज्यादा पहलों की जरूरत है।

## पहली राष्ट्रपति बहस में बाइडन पर भारी पड़े ट्रंप
## भारतवंशी कमला हैरिस को मिल सकता है मौका

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव की पहली प्रेसिडेंशियल बहस में शुक्रवार को पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडन को बुरी तरह से हरा दिया। बहस के दौरान बाइडन के निराशाजनक प्रदर्शन से डेमोक्रेट का खेमा बेचैन है। अमेरिका के ज्यादातर मीडिया हाउस के राजनीतिक विश्लेषक और डेमोक्रेटिक पार्टी के समर्थकों का कहना है कि अगर नवंबर में होने वाले चुनाव तक दौड़ में ट्रंप के सामने टिके रहना है, तो बाइडन को अपना सम्मान बचाने के लिए खुद ही पीछे हट जाना चाहिए और भारतवंशी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को डेमोक्रेटिक पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाया जाना चाहिए। न्यूयॉर्क टाइम्स का एडिटोरियल बोर्ड लिखता है कि देश की सच्ची सेवा की खातिर बाइडन को अब इस दौड़ से बाहर हो जाना चाहिए, इसी में बाइडन व देश दोनों की भलाई है। कल यह साबित हो गया कि ट्रंप उन्हें



बुरी तरह रौंद कर रख देंगे।

**कमला से बेहतर विकल्प नहीं :** डेमोक्रेटिक पार्टी चुनाव के पांच पहीने पहले इस स्थिति में नहीं है कि कोई बड़े प्रयोग करे, लेकिन, ट्रंप से मुकाबले के लिए यह भी जरूरी है कि बाइडन की जगह कोई दूसरा उम्मीदवार लाया जाए। इस स्थिति में पार्टी के पास कमला हैरिस से बेहतर दूसरा विकल्प नहीं हो सकता है, क्योंकि हैरिस बाइडन की रनिंगमेट हैं। अगर बाइडन अपना नाम वापस लेते हैं, तो इस बात की पुख्ता संभावना है कि वे कमला को ही नामित करेंगे।

**कमला के बाद गैविन पर हो सकता है विचार :** अगर डेमोक्रेटिक पार्टी कमला हैरिस को राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार नहीं बनाती है, तो इस दौड़ में दूसरा नाम गैविन न्यूसम हैं। 56 साल गैविन फिलहाल कैलिफोर्निया के गवर्नर हैं। उनके अलावा इलिनॉय के गवर्नर जेबी प्रित्जकर भी दावेदारी कर सकते हैं, जिन्होंने अपने राज्य में गर्भपात का हक देने वाला कानून लाकर खासी लोकप्रियता हासिल की है।

## रूसी मिसाइल से यूक्रेन में 7 की मौत, 31 घायल
## जेलेंस्की ने सहयोगी देशों से की मदद की अपील

**कीव।** रूस ने यूक्रेन के शहर विनियांस्क मिसाइलें दागीं हैं, जिसमें 7 लोगों की मौत हो गई जबकि 31 लोग घायल हो गए हैं। यूक्रेन के अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी है।

अधिकारियों ने बताया कि रूस की सेना ने शनिवार को दक्षिणी पूर्वी यूक्रेनी शहर जापोरिज्जिया के बाहर विनियांस्क शहर पर मिसाइलें दागीं हैं। जिसमें दो बच्चों सहित 7 लोगों की मौत हो गई।

**जेलेंस्की ने मांगी मदद :** वहीं यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोदिमीर जेलेंस्की ने सहयोगियों से मदद मांगी है। जेलेंस्की ने सहयोगी देशों से लंबी दूरी के हथियार मुहैया कराने और अपने देश पर हो रहे हमलों से रक्षा की अपील की है।

यूक्रेन के अभियोजक जनरल एंड्री कोस्टिन ने कहा कि शहर पर दो मिसाइलें दागी गईं हैं। इसमें बुनियादी




ढांचे, एक दुकान और आवासीय इमारतों को नुकसान पहुंचा है। रूसी हमले के बाद अग्निशमन कर्मियों ने कई इमारतों में लगी आग पर काबू पाते हुए बचाव कार्य पूरा कर लिया है।

जापोरिज्जिया के गर्वनर इवान फेडोरोव ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट करते हुए लिखा, ह्यआज दुश्मन ने इंसानों के खिलाफ एक और भयानक आतंकवादी कृत्य को अंजाम दिया है।

**यूक्रेनी की चेतावनी :** यूक्रेन ने बार-बार कहा है कि शांति वार्ता शुरू होने से पहले रूस को अपने सैनिकों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त क्षेत्र से बाहर निकालना होगा, जिसमें क्रीमिया प्रायद्वीप भी शामिल है। इसपर मॉस्को ने 2014 में कब्जा कर लिया था। हालांकि, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन यूक्रेन से मांग कर रहे हैं कि वह अपने पूर्व और दक्षिण के क्षेत्रों को खाली करके आत्मसमर्पण कर दे, जिस पर अब रूस का कब्जा है।

**10 और लोगों को रूसी कैद से वापस लाने में कामयाब :** इससे पहले, जेलेंस्की ने एक पोस्ट में कहा, हम अपने 10 और लोगों को रूसी कैद से वापस लाने में कामयाब रहे। हालांकि, जेलेंस्की ने यह नहीं बताया कि रिहाई यूक्रेन में बंद रूसी कैदियों से जुड़े समझौते का हिस्सा थी या नहीं। जेलेंस्की ने बताया कि जिन लोगों को रिहा किया गया है, उनमें से कुछ 2017 से जेल में हैं।

इन लोगों को पूर्वी यूक्रेन के रूसी नियंत्रित हिस्सों से गिरफ्तार किया गया था। रूस ने 2014 से ही क्रीमिया प्रायद्वीप के साथ चार यूक्रेनी क्षेत्र-डोनेट्स्क, खेरसॉन, लुगांस्क और जापोरिजिया पर कब्जा किया हुआ है

## फलस्तीनी इलाके में घुसा इस्राइली नागरिक
## गुस्साए लोगों ने कार में लगा दी आग

**तेल अवीव।** इस्राइल और हमास युद्ध के बाद से इस्राइली और फलस्तीनियों के बीच एक दूसरे के प्रति नाराजगी किस कदर बढ़ गई है, इसकी बानगी हाल ही में देखने को मिली। दरअसल एक इस्राइली नागरिक गलती से वेस्ट बैंक में यरुशलम और रामल्लाह के बीच स्थित फलस्तीनी शहर कलंदिया में घुस गया, उसे स्थानीय लोगों के गुस्से का सामना करना पड़ा और लोगों ने इस्राइली नागरिक की कार में आग लगा दी।

घटना का वीडियो भी सामने आया है। सोशल मीडिया पर प्रसारित एक वीडियो में फलस्तीनियों की भीड़ को इजरायली वाहन का पीछा करते हुए और उस पर पत्थर फेंकते हुए देखा जा सकता है। इस्राइली मीडिया की रिपोर्ट में बताया गया कि कार के चालक ने भागने का प्रयास किया,





लेकिन अंततः उसने कार से अपना नियंत्रण खो दिया और एक सैन्य चौकी के पास कंक्रीट के डिवाइडर से टकरा गया। कथित तौर पर उस व्यक्ति को चोटें आईं। कार चालक को बचा लिया गया है और फिलहाल उसका यरुशलम के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है।

**वेस्ट बैंक में बढ़ रहीं हिंसक घटनाएं :** इस्राइल-हमास युद्ध के बाद से फलस्तीन में इस्राइल के खिलाफ गुस्सा बढ़ा है।

फलस्तीनी अधिकारियों की रिपोर्ट के अनुसार, इस्राइल हमास युद्ध शुरू होने के बाद से वेस्ट बैंक में इस्राइली सेना और इस्राइली नागरिकों के हमले में 553 फलस्तीनियों की मौत हुई है। वहीं फलस्तीनियों के हमले में 15 इस्राइली नागरिकों समेत सैनिक भी मारे गए हैं। वेस्ट बैंक पर 1967 से इस्राइल का कब्जा है। पिछले हफ्ते ही वेस्ट बैंक के जेनिन इलाके में एक हमले में एक इस्राइली सैनिक की मौत की मौत हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। इस्राइली सेना भी अक्सर जेनिन इलाके में छापेमारी करती रहती है।

# जन नायक शहीद पं० प्यारेलाल शर्मा के 99वें जन्मदिन पर की पुष्पांजलि अर्पित









गाजियाबाद करंट क्राइम। जन नायकशहीद प्यारेलाल शर्मा के 99वें जन्मदिन पर शहर के गणमान्य लोगों ने उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर उनकपुत्र पूर्व विधायक सुरेंद्र कुमार मुन्नी के अलावा सभी राजनीतिक दलों से जुड़े प्रतिनिधियों, समाजसेवी एवं मीडिया जगत के लोंगो ने पुष्प अर्पित कर शहीद प्यारेलाल शर्मा को याद किया।

# श्रीदूधेश्वर नाथ मंदिर में आज से श्रीराम कथा से शुरू होगा संत सनातन कुंभ

## महंत नारायण गिरी महाराज के पावन सानिध्य में 10 जुलाई तक होगा आयोजन

● श्रद्धांजलि सभा व संत भंडारे में देश भर के अनेक संत लेंगे भाग

**गाजियाबाद ,करंट क्राइम।** सिद्धपीठ श्रीदूधेश्वर नाथ मठ महादेव मंदिर में आज से 10 दिवसीय संत सनातन कुंभ का आयोजन किया जा रहा है। संत सनातन कुंभ आज 1 जुलाई से से शुरू होकर 10 जुलाई को श्रद्धांजलि सभा व संत भंडारे के साथ समाप्त होगा। प्रतिदिन वशिष्ठ पीठाधीश्वर ब्रह्मऋषि वेदांती महाराज की श्रीराम कथा का आयोजन भी होगा। आयोजक श्रीदूधेश्वर पीठाधीश्वर, श्रीपंच दशनाम जूना अखाड़ा अंतर्राष्ट्रीय प्रवक्ता, दिल्ली संत महामंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व हिंदू यूनाइटेड फ्रंट के अध्यक्ष महंत नारायण गिरी के पावन सान्निध्य में ब्रह्मलीन महन्त गौरी गिरी महाराज, ब्रह्मलीन सिद्ध गुरु मूर्तियों व ब्रह्मलीन महंतों की पुण्य स्मृति में पिछले 48 वर्ष से संत सनातन कुंभ का आयोजन हो रहा है। मंदिर के मीडिया प्रभारी एस आर सुथार ने बताया कि मंदिर में ब्रह्मलीन महन्त गौरी गिरी महाराज समेत 28 सिद्ध महात्माओं की समाधियां हैं। उन सभी की स्मृति में यह आयोजन हो रहा है। संत सनातन कुंभ का आकर्षण वशिष्ठ पीठाधीश्वर ब्रह्मऋषि वेदांती महाराज की श्रीराम कथा होगी जो 1 जुलाई से 9 जुलाई तक प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से रात्रि 10.30 बजे तक होगी। 1 जुलाई को कथा से पूर्व मंदिर से कलश यात्रा निकलेगी जो दिल्ली गेट, चौपला मंदिर, अग्रसेन बाजार, घंटाघर, जीट रोड होते हुए वापस मंदिर पर ही विश्राम लेगी।



### प्रमुख संतों का समागम होगा 10 जुलाई को

करंट क्राइम। आगामी 10 जुलाई को प्रात :9 बजे से 11 बजे तक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन होगा और दोपहर 1 बजे से संत भंडारा होगा, जिसमें मुख्य अतिथि जूना अखाड़े के अंतरराष्ट्रीय संरक्षक एवं अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री महंत हरि गिरी महाराज होंगे। अध्यक्षता श्रीपंच दशनाम जूना अखाड़े के सभापति महंत प्रेम गिरी महाराज करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में महंत पृथ्वी गिरी महाराज, आनंद पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी बालकानन्द गिरी महाराज, दिल्ली संत महामंडल के संस्थापक स्वामी राघवानन्द गिरी महाराज, महामंडलेश्वर नवल किशोर दास महाराजए महामंडलेश्वर स्वामी कंचन गिरी महाराज शामिल होंगे। जगतगुरू शकराचार्य, महामंडलेश्वर समेत देश भर से संत श्रद्धांजलि सभा व भंडारे में में भाग लेने के लिए आएंगे। सभी कार्यक्रमों की व्यवस्था महंत धीरेंद्र पुरी महाराज, महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी महाराज, महंत गिरिशानंद गिरी महाराज, महंत कन्हैया गिरी महाराज, महंत विजय गिरी महाराज, महंत मुकेशानंद गिरी महाराज वैद्य करेंगे। संतों का स्वागत धर्मपाल गर्ग, अनुज गर्ग, विजय मित्तल, शंकर झा, अमित कुमार शर्मा व दीपांकर पांडेय करेंगे।

# भारतीय टीम ने विश्व चैंपियन बनकर इतिहास रचा : अजय गुप्ता




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अगर इरादे पक्के हों और हौसले बुलंद तो इंसान कठिन से कठिन कार्य भी हंसते खेलते कर जाता है। यही किया भारतीय क्रिकेट टीम ने। यह कहना है उद्योग व्यापार मंडलक के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं समाजसेवी अजय गुप्ता का।

अजय गुप्ता ने कहा है कि विश्वास एक ऐसी चीज है जो हारी हुई बाजी को बदल देता है, ऐसा ही कर दिखया है भारतीय क्रिकेट टीम ने। भारतीय क्रिकेट टीम ने विश्व चैंपियन बनकर पूरे भारतवर्ष का नाम गर्व से बढ़ाया है। आज भारत का सर फिर गर्व से ऊंचा हो गया, पूरे देश के नागरिक भारतीय टीम के प्रत्येक खिलाड़ी को अपनी शुभकामनाएं दे रहे हैं। अजय गुप्ता कहते हैं कि उसको कोई लक्ष्य बड़ा नहीं,जो साहस डरा नहीं। अजय गुप्ता ने पूरी भारतीय टीम को बधाई दी है।



## करंट क्राइम



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। बूथ नंबर 412 पर अपने सभी सम्मानित साथियों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुनते हुए भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष डीडी यादव।

# मकनपुर की सड़कों पर भरा सीवर का पानी



**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** इन दिनों मकनपुर के लोगों को सीवेज सिस्टम बदौलत काफी परेशानियां झेलनी पड़ रही हैं। सीवर ओवरफ्लो होने से इसका गंदा पानी दो दिन से सड़कों पर बह रहा है। इससे लोगों को यहां आने-जाने में दिक्कत हो रही है। लोगों का कहना है कि उन्हें सड़कों पर भरे सीवर के पानी से ही होकर गुजरना पड़ रहा है। साथ ही, इससे यहां बीमारियां फैलने की आशंका भी बढ़ गई है।अब तक निगम ने लोगों को इस समस्या से निजात दिलाने के लिए कोई कदम नहीं उठाया है। मकनपुर निवासी मदन शर्मा ने बताया कि पिछले दो दिन से यहां सीवर ओवरफ्लो होने से सीवर का पानी गलियों में ही नहीं, बल्कि मकनपुर के सामने स्थित इंदिरापुरम न्यायखंड दो को जाने वाली मुख्य सड़क पर भी पानी भर गया है। इस सड़क की दूसरी ओर मार्केट बनी हुई है जहां रोजाना हजारों लोगों का आना होता है। कई बार शिकायत करने पर भी निगम व जीडीए कर्मचारियों ने हजारों लोगों को हो रही इस समस्या से निजात दिलाने के लिए कुछ नहीं किया है।

### जीडीए और नगर निगम नहीं सुनता: राधेश्याम त्यागी



**करंट क्राइम।** स्थानीय पार्षद राधेश्याम त्यागी ने बताया कि मकनपुर गांव में जगह जगह सीवर के ढक्कन टूटे हैं, सीवर का पानी सड़कों पर जमा है। वहीं 2 दिन में 3 हादसे हुए, 1 महिला सीवर के गड्ढे में गिरी और 2 बाइक सवार चोटिल हुए । 3 दिन से अधिकारियों को फोन करने के बाद भी नहीं ली कोई सुध। पार्षद ने बताया कि इस सम्बंध में जीडीए कहता है कि उक्त क्षेत्र नगर निगम के अंडर आता है, वहीं नगर निगम कहता है जीडीए के अंडर है सीवर व्यवस्था।



### समस्या का समाधान शीघ्र होगा: सुनील राय



**करंट क्राइम।** इस बारे में नगर निगम के जोनल प्रभारी सुनील राय ने बताया कि सीवर ओवरफ्लो की जानकारी मिली है सम्बंधित अधिकारी को निर्देशित किया गया है। जल्द ही इसे ठीक करवा दिया जाएगा और लोगों को इस परेशानी से छुटकारा मिल जाएगा।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे

Kc Tyagi is with जिला ग़ाज़ियाबाद and 10 others at South Avenue.
2h

!! मेरी प्यारी मायरा पोती को, मैं आपको हँसी, प्यार और उन सभी चीज़ों से भरा जन्मदिन की शुभकामनाएँ देता हूँ जो आपको खुशियाँ देती हैं! आप अपने प्यारे दादाजी के प्यार और गर्मजोशी से घिरे हुए, अपने खास दिन का आनंद लें ! जन्मदिन मुबारक हो, मेरी प्यारी पोती! यह दिन आपके लिए उतना ही खूबसूरत और असाधारण हो जितना आप हैं !!

Kc Tyagi जिला ग़ाज़ियाबाद Sharad Tyagi Sharad



गाजियाबाद करंट क्राइम। सियासत के खास चेहरे केसी त्यागी के लिए ये सबसे खास पल है। उनके परिवार की नन्ही परी उनकी लाडली पौत्री मायरा का हैप्पी बर्थडे है। लाडली पोती को उनके दादा जी ने अपने स्नेह आशीष और आशीर्वाद के साथ जन्मदिन की बधाई दी। केसी त्यागी ने अपनी प्रिय पौत्री मायरा के जन्मदिन की खुशी को फेसबुक पोस्ट बनाया। नन्ही परी मायरा को सबका आशीर्वाद शुभाशीष प्राप्त हुआ। मायरा के जन्मदिन की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।